Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 300 | शनिवार, 01 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## 'सिख विरोधी दंगे आजाद भारत के इतिहास के काले धब्बों में से एक', हरदीप पुरी ने कांग्रेस पर बोला हमला



**नई दिल्ली।**

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को दिल्ली में हुए सिख विरोधी दंगों को याद किया। उन्होंने इन दंगों को स्वतंत्र भारत के इतिहास के "सबसे काले धब्बों" में से एक बताया। साथ ही कहा कि आज का भारत न केवल अपने अल्पसंख्यकों को सुरक्षित रखता है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बिना किसी पूर्वाग्रह या भेदभाव के सबका साथ, सबका विकास भी सुनिश्चित करता है।

भाजपा ने भी सिख विरोधी दंगा पीड़ितों की कहानियां साझा कीं और कहा, "1984 की यंत्रणा आज भी उन लोगों को सताती है जिन्होंने इसे झेला था। स्वतंत्र रिपोर्टों के अनुसार पूरे भारत में लगभग 16,000 सिख मारे गए थे।"'एक्स' पर विभिन्न पोस्टों में पुरी ने एक निजी स्मृति को भी साझा किया जब दिल्ली और कई अन्य शहरों में भड़की हिंसा के दौरान उनके माता-पिता को दक्षिण दिल्ली स्थित उनके घर से समय रहते बचाया गया था। उन्होंने कहा कि 1984 के उन दिनों को याद करके आज भी उनकी रुह कांप जाती है जब असहाय व निर्दोष सिख पुरुषों, महिलाओं व बच्चों का बिना सोचे-समझे कत्लेआम किया गया था और उनकी संपत्तियों व पूजा स्थलों को कांग्रेस नेताओं और उनके साथियों के नेतृत्व में जानलेवा भीड़ ने लूट लिया था। यह सब इंदिरा गांधी की नृशंस हत्या का बदला लेने के नाम पर किया गया था। पुरी ने याद किया कि जब सिखों को उनके घरों, वाहनों और गुरुद्वारों से बाहर निकाला जा रहा था और जिंदा जलाया जा रहा था, तब पुलिस मूकदर्शक बनी खड़ी रही। सिखों के घरों और संपत्तियों की पहचान के लिए मतदाता सूचियों का इस्तेमाल किया गया और कई दिनों तक भीड़ को रोकने की कोई कोशिश नहीं की गई।

## 'उत्तर-दक्षिण संगम का उदाहरण है काशी'

# सीपी राधाकृष्णन ने कहा- 'भक्ति ही नहीं ज्ञान के लिए भी आते हैं तमिलनाडु के लोग'

**वाराणसी।**

उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने काशी को उत्तर-दक्षिण के संगम का अद्भुत उदाहरण बताया। कहा कि सदियों से उत्तर भारत के लोग रामेश्वरम् और दक्षिण के लोग काशी आ रहे हैं। तमिलनाडु के लोग भक्ति ही नहीं ज्ञान के लिए भी काशी आते रहे हैं। महाकवि सुब्रह्मण्य भारती तो काशी के होकर रह गए। उप राष्ट्रपति राधाकृष्णन शुक्रवार को श्रीकाशी विश्वनाथ धाम को पूजन सामग्री अर्पित करने वाले श्रीकाशी नाट्टुकोट्टई नगर क्षेत्रम्-प्रबंधन सोसाइटी द्वारा निर्मित धर्मशाला का लोकार्पण किया। उन्होंने सिगरा स्थित 62,000 वर्गफीट इस अतिक्रमित भूमि की पुनर्प्राप्ति का हवाला देते हुए धर्मशाला के निर्माण को धर्म की जीत बताया। कहा कि धर्म पर कुछ समय के लिए संकट आ सकता है, लेकिन वह हमेशा नहीं रहता है। इस बात की साक्षी है काशी में बनी यह धर्मशाला। वर्ष 2022 में योगी सरकार के



आदेश पर कमिश्नरेट पुलिस ने इस जमीन को कब्जे से मुक्त कराया था। इस जमीन पर 60 करोड़ रुपये की लागत से 140 कमरों की 10 मंजिल की धर्मशाला बनाई गई है। उप राष्ट्रपति ने अपनी पिछली यात्राओं को याद करते हुए कहा कि वर्ष 2000 में काशी आए थे और गंगा में स्नान किया था। यहां से लौटकर गए तो हमेशा के लिए शाकाहारी बन गए। 2014 के लोकसभा चुनाव के समय आए। तब की काशी और आज की काशी में जमीन-आसमान का अंतर है। इस कालखंड में इस शहर ने विकास के नए प्रतिमान गढ़े हैं। ऐसा दो कर्मयोगियों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कारण संभव हो सका है। यह दो कर्मयोगी हैं तो हर जगह हर-हर महादेव और गंगा मईया की जय का जयघोष सुनाई दे रहा है। उन्होंने श्रीकाशी नाट्टुकोट्टई नगर क्षेत्रम्-प्रबंधन सोसाइटी की सराहना करते हुए कहा कि यह जहां होते हैं, वहां प्रगति होती है। उप राष्ट्रपति ने लोकार्पण समारोह के बाद श्रीकाशी विश्वनाथ और मां अन्नपूर्णा का दर्शन पूजन किया। उन्होंने मंदिर परिसर में देवी अन्नपूर्णा की मूर्ति की वापसी की सराहना की। एक सदी से भी पहले वाराणसी के मंदिर से चुराई गई यह मूर्ति प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों के कारण कनाडा से भारत वापस आई थी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज विश्व में निवेश का सबसे अच्छा केंद्र भारत है और देश में सबसे बेहतर उत्तर प्रदेश है। भगवान श्रीराम ने रामेश्वर ज्योर्तिलिंग की स्थापना की तो आदि शंकराचार्य ने इस पवित्र संगम को आगे बढ़ाया। काशी में उन्हें आत्मज्ञान हुआ तो उन्होंने दुनिया को आत्मबोध दिया।

## राजस्थान में पांच आतंकी पकड़े गए

**जयपुर।**

एटीएसऔर एटीएसने राजस्थान में बड़ी कार्रवाई करते हुए आतंकियों के एक बड़े नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन के फंडिंग नेटवर्क से संबंध होने के सबूत मिलने पर राजस्थान के जोधपुर,जालौर के सांचौर,करौली एवं जयपुर में राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनआईए) की सूचना पर राजस्थान टेररिस्ट स्क्वॉयड (एटीएस) प्रदेश के पांच जिलों में छापेमारी कर पांच लोगों को पकड़ा है। इनमें जोधपुर से दो,जालौर जिले के सांचौर एवं करौली से एक-एक और जयपुर से एक संदिग्ध को पकड़ा है। एटीएस की अलग-अलग टीमों ने शुक्रवार सुबह करीब



चार बजे छापेमारी कर पहले तीन मौलवियों एवं एक अन्य युवक को पकड़ा है ।फिर दोपहर बाद एक अन्य युवक पकड़ा। इंटेलिजेंस ब्यूरो की खुफिया जानकारी के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। पकड़े गए दो मौलवी आपस में सगे भाई हैं। दोनों अलग-अलग मदरसों में रहते हैं। दो सगे भाई जोधपुर जिले के निवासी हैं। जोधपुर के चोखा क्षेत्र में मदरसा संचालित करने वाला मौलवी अयूब गफ्तार मूल रूप से पीपाड़ का निवासी है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि चौखा स्थित अरेबिया मदरसा में रहने वाले अयूब का आतंकी संगठनों से संपर्क था। उसके पास आतंकी संगठनों से पैसा आता था। साथ ही जोधपुर के पीपाड़ इलाके में स्थित एक अन्य मदरसे से मौलवी मसूद को पकड़ा गया है। तीसरे मौलवी उस्मान को जालोर स्थित सांचौर से पकड़ा गया है। मसूद और उस्मान आपस में सगे भाई हैं। जानकारी के अनुसार तीनों के पास से कई ऐसे दस्तावेज बरामद किए गए हैं,जिनसे यह पुष्टि होती है कि उनके एक आतंकी संगठन से संपर्क था। वे महत्वपूर्ण जानकारी आतंकी संगठन के साथ साझा करने के साथ ही मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को भड़काने का काम करते थे।

## देशभर के 1,466 पुलिस कर्मियों को मिलेगा केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक

**नई दिल्ली।**

पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों को मार गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के 40 कर्मियों सहित देशभर के 1,466 पुलिस कर्मियों को वर्ष 2025 के लिए केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक से सम्मानित किया जाएगा। महानिरीक्षक (कश्मीर रेंज) वीके बिरदी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (श्रीनगर) जीवी संदीप चक्रवर्ती जम्मू-कश्मीर के उन 19 अधिकारियों में शामिल हैं, जिन्हें ऑपरेशन महादेव के लिए पदक से सम्मानित किया जाएगा। आपरेशन के दौरान सुलेमान उर्फ आसिफ को सुरक्षा



बलों ने मार गिराया था। सुलेमान 22 अप्रैल के हमले का मुख्य षड्यंत्रकर्ता माना जाता है। यह कार्रवाई पहलगाम हमले के अपराधियों द्वारा सैटेलाइट फोन के इस्तेमाल का संकेत देने वाले तकनीकी संकेतों के बाद की गई थी। अन्य आतंकवादियों की पहचान जिब्रान के रूप में हुई है, जो पिछले साल सोनमर्ग सुरंग हमले में शामिल था।

## जम्मू के पहाड़ों में फिर उड़ेंगे हेलीकॉप्टर



**जम्मू।**

जम्मू के चार पहाड़ी जिलों के लिए एक बार फिर से हेली सेवाएं शुरू हो चुकी हैं। 31 अक्टूबर को अधिकारियों ने बताया कि जम्मू संभाग के पहाड़ी और बर्फीले जिलों के लिए हेली सेवाएं 2 नवंबर से शुरू होंगी, ताकि इन क्षेत्रों और राजधानी के बीच लोगों की आवाजाही सुगम हो सके। यह निर्णय शुक्रवार को जम्मू संभागीय आयुक्त रमेश कुमार की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में लिया गया, जिसमें सब्सिडी वाली हेलीकॉप्टर सेवाओं की व्यवस्था की समीक्षा की गई। संभागीय आयुक्त ने उपायुक्तों को अपने-अपने ज़िलों में टिकट बुकिंग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने और टिकट काउंटर, साफ-सफाई और हेलीपैड पर उचित सुरक्षा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने कहा कि जम्मू से पुंछ, जम्मू से मेंढर, जम्मू से राजौरी, जम्मू से डोडा, जम्मू से किश्तवाड़ और किश्तवाड़ के भीतर के मार्गों पर 2 नवंबर से आने-जाने वाली हेली सेवाएँ उपलब्ध होंगी।

## एसआइआर को परोक्ष एनआरसी मान रहा विपक्ष

**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट भले ही एसआइआर को चुनाव आयोग का अधिकार बता चुका है, लेकिन विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए बिहार के बाद 12 राज्यों में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण यानि एसआइआर कराने के चुनाव आयोग के एलान को परोक्ष रूप से एनआरसी (नेशनल रजिस्टर आफ सिटिजन्स) का अभियान मान रहा है। इसके मद्देनजर ही विपक्षी पार्टियां संसद के शीत सत्र में एसआइआर के खिलाफ एकजुट होकर मोर्चाबंदी करने की कसरत में जुट गई हैं।




## 'पूरे कश्मीर को भारत में मिलाना चाहते थे सरदार पटेल'

# पीएम मोदी बोले- जवाहरलाल नेहरू ने ऐसा नहीं होने दिया

**एकता नगर (गुजरात)।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर तीखा हमला बोला और दावा किया कि उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल को कश्मीर को भारतीय संघ में पूर्ण रूप से मिलाने से रोक दिया था। कश्मीर पर हुई उस गलती के कारण क्षेत्र में दशकों तक अशांति रही और रक्तपात हुआ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीतिक हितों के लिए देश की एकता पर हमला करने की मानसिकता गुलाम मानसिकता का हिस्सा है। कांग्रेस को न केवल अंग्रेजों से पार्टी और सत्ता विरासत में मिली, बल्कि उसने गुलाम मानसिकता भी अपना ली। उन्होंने घुसपैठियों का मुद्दा भी उठाया और उन्हें राष्ट्रीय एकता एवं जनसांख्यिकीय संतुलन के लिए गंभीर खतरा बताया ।सरदार पटेल



की 150वीं जयंती पर गुजरात के केवडिया में एकता परेड का आयोजन किया गया। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, आज की युवा पीढ़ी में से कई लोग शायद नहीं जानते कि सरदार पटेल कश्मीर के पूर्ण एकीकरण की कामना करते थे, ठीक उसी तरह जैसे उन्होंने अन्य रियासतों का सफलतापूर्वक विलय किया था। उनका मानना था कि इतिहास लिखने में समय बर्बाद नहीं करना चाहिए, बल्कि हमें इतिहास रचने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। मोदी ने कहा कि अंततः कश्मीर क्षेत्र एक अलग संविधान और प्रतीक द्वारा विभाजित हो गया।

## अमित शाह ने कांग्रेस पर साधा निशाना : 'अनुच्छेद-370 हटाकर पीएम मोदी ने सरदार पटेल का अधूरा काम पूरा किया'



**नई दिल्ली।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ही जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाकर सरदार वल्लभभाई पटेल के एकीकृत भारत के सपने को साकार किया। देश के पहले गृह मंत्री सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में 'रन फॉर यूनिटी' को हरी झंडी दिखाते हुए शाह ने कहा कि आजादी के बाद अंग्रेजों ने देश को 562 रियासतों में विभाजित करके छोड़ने का फैसला किया। उस समय दुनिया को लग रहा था कि इन 562 रियासतों को एक राष्ट्र में एकीकृत करना असंभव होगा। लेकिन सरदार पटेल ने बहुत कम समय में यह महान कार्य पूरा किया। आगे शाह ने कहा कि आज हम जिस आधुनिक भारत का मानचित्र देखते हैं, वह उनकी दूरदर्शिता और प्रयासों का परिणाम है। काठियावाड़, भोपाल, जूनागढ़, जोधपुर, त्रावणकोर और हैदराबाद जैसे क्षेत्रों ने अलग रहने के लिए तरह-तरह के प्रयास किए, लेकिन सरदार पटेल की दृढ़ इच्छाशक्ति और अडिग दृढ़ संकल्प ने इन सभी को एकजुट करके अखंड भारत का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद-370 के कारण कश्मीर का भारत में पूर्ण एकीकरण ही एकमात्र अधूरा कार्य रह गया था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने उस अधूरे कार्य को पूरा किया।

## संपादक की कलम से

# चैंपियन हैं भारत की बेटियां


ललित शर्मा
संपादक

जय हो, भारत की बेटियों की! वाह, क्या खेल दिखाया है? क्या जुझारू पारी और एकाग्रता की मिसाल कायम की है? क्या अर्जुन की तरह लक्ष्य पर निगाहें टिकी थीं और महिला एकदिनी क्रिकेट के 52 साला इतिहास में नया कीर्तिमान रच दिया? यह छोटे–छोटे मील–पत्थरों की कहानी नहीं है। यह पुरुष या महिला क्रिकेट की सबसे खूबसूरत, शानदार, जानदार जीत है। भारत और हम भारतीयों को अपेक्षाएं ही नहीं थीं। हमने महिला क्रिकेट तो क्या, महिला खिलाडियों को कभी गंभीरता से नहीं लिया। जिन पलों में महिला टीम इंडिया ने 7 बार की विश्व चैम्पियन और लगातार 15 मैचों की अजेय ऑस्ट्रेलिया टीम को पराजित कर विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया, लगभग उसी दौरान एशियन यूथ गेम्स में भारत की चार बेटियों–खुशी, अहाना, चन्द्रिका, अंशिका–ने मुक्केबाजी में स्वर्णिम सफलता हासिल की। देश की जास्मीन और मीनाक्षी हुड्डा ने अपने–अपने भार–वर्ग में, विश्व चैम्पियनशिप के मुकाबलों में, स्वर्ण पदक जीते। कितने भारतीयों को ये स्वर्णिम उपलब्धियां याद हैं? शायद उन्हें जानकारी भी न हो! बहरहाल महिला क्रिकेट के विश्व कप में भारत की बेटियों ने जो खेल खेला है, वह वाकई अद्भुत, अप्रत्याशित, अभूतपूर्व, अकल्पनीय, अतुलनीय था! ऑस्ट्रेलिया की टीम ने ग्रुप स्तर पर टीम इंडिया के 330 रनों का सफल चेज कर जीत हासिल की थी। लिहाजा सेमीफाइनल मुकाबले में किसी अतिरिक्त करिश्मे की उम्मीद नहीं थी, लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स के रूप में मानो कोई फरिश्ता उतर आया और उसने अभूतपूर्व करिश्मा कर दिखाया। जेमिमा को इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले में ड्रॉप किया गया था। जेमिमा की फॉर्म भी अच्छी नहीं थी। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसने 70 से अधिक रन ठोंके थे। विश्व कप के दौरान वह ड्रेसिंग रूम या अकेले में ही सुबकती रहती थी, क्योंकि वह देश के लिए अच्छी क्रिकेट खेल नहीं पा रही थी। सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने 338 रन का पहाड़–जैसा लक्ष्य दिया था। जवाब में जब टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज–शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना–अपेक्षाकृत कम स्कोर पर आउट हो गए, तो भारत की पारी डूबती–सी लगी। उन स्थितियों में जेमिमा ने नाबाद 127 रन (134 गेंद, 14 चौके) बनाकर न केवल विश्व कप का अपना पहला शतक लगाया, बल्कि कप्तान हरमनप्रीत कौर (88 गेंद पर 89 रन) के साथ तीसरे विकेट की साझेदारी में 167 रन (156 गेंद) बना कर पहाड़ की ऊंचाई को एक हद तक कम कर दिया। जेमिमा ने दीप्ति शर्मा के साथ 38 रन (34 गेंद), ऋचा घोष के साथ 46 रन (31 गेंद) और अमनजोत कौर के साथ नाबाद 31 रन (15 गेंद) जोड़े और एक अविश्वसनीय–सी लग रही जीत पर मुहर लगा दी। विश्व कप का यह सबसे बड़ा और सफल चेज रहा। यकीनन जेमिमा प्लेयर ऑफ दि टीम इंडिया करार दी जानी चाहिए, जिस पर भरोसा किया गया, तो उन्होंने महान पारी खेली और टीम इंडिया को 5 विकेट की जीत से, 9 गेंद शेष थीं, विश्व कप के फाइनल में पहुंचाया। अब फाइनल मैच की न तो कोई आशंका है, न चुनौती, न अग्नि–परीक्षा और न ही किसी किस्म का खौफ है। दक्षिण अफ्रीकी टीम पहली बार विश्व कप के फाइनल में है। हम उनके खेल और हुनर को किसी भी तरह कमतर आंकने के पक्षधर नहीं हैं, लेकिन महिला टीम इंडिया 2005 और 2017 में भी फाइनल में पहुंच चुकी है। हमें उस स्तर के तनाव और दबाव का अनुभव हो चुका है। टीम इंडिया ने 2017 विश्व कप में भी, सेमीफाइनल मुकाबले में, ऑस्ट्रेलिया टीम को पराजित किया था। हम यह कई बार साबित कर चुके हैं कि ऑस्ट्रेलिया टीम अजेय नहीं है।

## मोनिका डागा

### देव उठनी एकादशी तुलसी विवाह

### कविता



कार्तिक शुक्ल पक्ष की ग्यारस तिथि अति शुभकारी,
सभी भक्तजनों पर कृपा करते श्री गिरिधर बनवारी,
प्रभु पालन पोषण की व्यवस्था को पुन: करते धारण,
अभी चातुर्मास की योगनिद्रा से जागृत होते नारायण ।

ये तिथि देव प्रबोधिनी देव उठनी एकादशी कहलाती,
भक्तमण्डली ₹आनंद₹ मग्न श्री हरि के कीर्तन गाती,
तुलसी व शालिग्राम जी का विवाह भक्तजन रचातें,
दीपमालिका सजाकर उत्सव धूमधाम से हैं मनाते ।

तुलसी माता अपने भक्तों पर अनन्य कृपा करती,
हरि को वो है परम प्रिय भक्तों के दुख सारे हरती,
पूजन वंदन श्रद्धा भक्ति भाव से करते वैष्णव जन,
तुलसी व शालिग्राम जी के नामों का करते स्मरण ।

कहीं कहीं पर इस दिन होता हैं भक्तिमय जागरण,
शुद्ध भक्तिभाव से शीघ्र प्रसन्न होते लक्ष्मीनारायण,
सुख समृद्धि और स्वास्थ्यदायिनी हैं तुलसी माता,
कार्तिक मास में विशेषकर उनको हैं पूजा जाता ।

आरोग्यता को प्रदान करती तुलसी है मंगलकारी,
विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ इस दिन हैं लाभकारी,
हे तुलसी माता ! तुम मेरे ऑगन हरी–भरी रहना,
मेरे परिवार पर सदा अपनी कृपा बरसाती रहना ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# 33 वर्षों बाद अमेरिका के परमाणु परीक्षण आदेश से कांपा विश्व- क्या शुरू होगी नई न्यूक्लियर रेस

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के राजनीतिक गलियारों में इन दिनों सबसे ज्यादा चर्चा जिसमुद्दे पर हो रही है,वह है अमेरिका का 33 वर्षों के बाद पुनः परमाणु परीक्षण शुरू करने का आदेश।जिस देश ने दशकों तक पूरी दुनियाँ को परमाणु हथियारों से दूर रहने की नसीहत दी,आज वही देश फिर से न्यूक्लियर बमों की गूंज सुनना चाहता है राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अमेरिकी सेना को परमाणु परीक्षण तुरंत शुरू करने का आदेश देने के बाद वैश्विक समुदाय में एक प्रकार की हलचल मच गई है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूंकि रूस से लेकर चीन,उत्तर कोरिया से लेकर ईरानतक हर देश की निगाह अब वॉशिंगटन की ओर है। सवाल यह है कि क्या यह कदम दुनियाँ को एक बार फिर से न्यूक्लियर रेस में धकेल देगा ?दुनियाँ यह देख रही है कि अमेरिका का दोहरा मापदंड दूसरों को रोको, खुद करो नीति का परिणाम क्या निकलेगा, अमेरिका दशकों से वैश्विक राजनीति में न्यूक्लियर नैतिकता का सारथी बनकर बैठा रहा है। उसने हमेशा अन्य देशों पर परमाणु हथियार न बनाने का दबाव बनाया। चाहे वह ईरान हो, उत्तर कोरिया हो या कभी भारत,अमेरिकी नीतियों ने हमेशा यह कहा कि परमाणु हथियार मानवता के लिए खतरा हैं।लेकिन अब वही अमेरिका,जो खुद को ग्लोबल पीस कीपर कहता है, नए परीक्षणों के आदेश जारी कर चुका है। यह कदम न केवल उसकी विदेश नीति की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि उसके डबल स्टैंडर्ड की अंदरुनी नीति भी ओपन करता है।अमेरिका की यह नीति इतिहास में कई बार देखी जा चुकी है,जब वह अंतरराष्ट्रीय संधियों से खुद को अलग कर लेता है और दूसरों पर उसका पालन थोपताहै,उदाहरण के लिए, ट्रंप प्रशासन ने 2018 में ईरान न्यूक्लियर डील से बाहर निकलकर वैश्विक स्थिरता को बड़ा झटका दिया था। आज 2025 में, वही नीति एक नए रूप में फिर लौट आई है।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग सेइस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,33 वर्षों बाद अमेरिका के परमाणु परीक्षण आदेश से कांपा विश्व-क्या शुरू होगी नई न्यूक्लियर रेस?

साथियों बात अगर हम 33 वर्षों के बाद क्यों? ट्रंप की सामरिक रणनीति के संकेत को समझने की करें तो,यह सवाल सबसे अहम है कि आखिर अमेरिका ने अब ऐसा कदम क्यों उठाया? आखिरी बार अमेरिका ने 1992 में नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया था।उसके बाद उसने अंतरराष्ट्रीय दबाव और कंप्रीहेंसिव न्यूक्लियर टेस्ट बैन ट्रीटी के तहत परीक्षण रोक दिए थे। लेकिन अब ट्रंप का यह आदेश बताता है कि वाशिंगटन का इरादा वैश्विक सैन्य वर्चस्व को दोबारा स्थापित करने का है।अमेरिकी खुफिया एजेंसियों और रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, चीन और रूस की तेजी से बढ़ती परमाणु क्षमता ने ट्रंप प्रशासन को यह कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। रूस ने अपने




हाइपरसोनिक न्यूक्लियर मिसाइलएवंगार्डऔर सरमाट की घोषणा कर दी है, जबकि चीन भी डोंगफेंग-41 जैसी लंबी दूरी की मिसाइलों का परीक्षण कर चुका है। ट्रंप शायद यह दिखाना चाहते हैं कि अमेरिका अब भी मिलिट्री टेक्नोलॉजी में सर्वश्रेष्ठ है।


गोंदिया

साथियों बात अगर हम वैश्विक प्रतिक्रिया,रूस का जवाब और दुनिया की चिंता को समझने की करें तो,जैसे ही अमेरिका के परमाणु परीक्षण के आदेश की खबर फैली, सबसे पहले रूस ने इसका कड़ा जवाब दिया। रूसी विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट कहा कि यदि अमेरिका परीक्षण शुरू करता है,तो रूस भी तुरंत जवाबी परमाणु परीक्षण करेगा। यह बयान सीधे संकेत देता है कि दुनियाँ फिर से कूल्ड वॉर जैसे दौर की ओर बढ़ सकती है।रूस की इस प्रतिक्रिया के बाद चीन ने भी अपनी सैन्य प्रयोगशालाओं में सुरक्षा और क्षमता वृद्धि के नाम पर तैयारी शुरू कर दी है। वहीं, यूरोप के देशों,विशेषकर फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन ने संयुक्त बयान? जारी कर कहा कि यह फैसला वैश्विक स्थिरता के लिए घातक साबित हो सकता है।संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने भी गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि 33 वर्षों की शांति को तोड़ने वाला यह कदम, दुनियाँ को एक और हथियारों की दौड़ में झोंक सकता है। साथियों बात अगर हमन्यूक्लियर रेस,क्या इतिहास खुद को दोहरा रहा है? को समझने की करें तो,यदि हम इतिहास पर नजर डालें तो यह समझना कठिन नहीं कि हर बार जब किसी शक्ति ने अपने हथियारों की ताकत दिखाने की कोशिश की है, तो उसका परिणाम वैश्विक अस्थिरता के रूप में सामने आया है।1945 में हिरोशिमा और नागासाकी पर अमेरिका द्वारा किए गए दो बम विस्फोटों ने मानव सभ्यता की दिशा ही बदल दी थी।उसके बाद 1945 से अब तक लगभग 2,000 से अधिक परमाणु परीक्षण दुनिया भर में किए गए हैं।इनमें से आधे से अधिक परीक्षण अमेरिकाने अकेले किए,आंकड़े बताते हैं कि अमेरिका ने करीब 1,030 परमाणु परीक्षण, रूस (पूर्व सोवियत संघ) ने 715, फ्रांस ने 210, चीन ने 45, ब्रिटेन ने 45, भारत ने 6, पाकिस्तान ने 6, और उत्तर कोरिया ने 6 परीक्षण किए हैं।यह सूची बताती है कि परमाणु शक्ति केवल रक्षा का माध्यम नहीं रही, बल्कि यह देशों के राजनीतिक दबाव और वैश्विक पहचान का उपकरण बन चुकी है। साथियों बात अगर हम भारत की स्थिति,संयमित शक्ति, जिम्मेदार नीति को समझने की करें तो, भारत का नाम जब भी परमाणु शक्ति वाले देशों में लिया जाता है, तो एक जिम्मेदार शक्ति के रूप में लिया जाता है। भारत ने कभी भी पहले इस्तेमाल की नीति नहीं अपनाई। उसने केवल नों फर्स्ट यूज पालिसी के सिद्धांत पर चलते हुए कहा कि परमाणु हथियार केवल रक्षा के लिए हैं,आक्रमण के लिए नहीं।भारत ने अब तक केवल दो बार परमाणु परीक्षण किए(1)1974 में स्माइलिंग बुद्धा नाम से, जब इंदिरा गांधी सरकार ने दुनियाँ को भारत की क्षमता दिखाई (2) 1998 में पोखरण-कक परीक्षण, जब भारत ने आधिकारिक रूप से खुद को परमाणु शक्ति घोषित किया।इसके बाद भारत ने किसी भी प्रकार का नया परीक्षण नहीं किया है।बल्कि, उसने सीटीबीटी पर हस्ताक्षर न करने के बावजूद उसका स्वैच्छिक पालन जारी रखा है।2017 के बाद से, जब उत्तर कोरिया ने अपना आखिरी परीक्षण किया था, तब से लेकर अब तक किसी देश ने कोई नया परमाणु परीक्षण नहीं किया। इस दृष्टि से भारत की नीति अत्यंत संतुलित मानी जाती है।

साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय समझौते और उनका भविष्य को समझने की करें तो,अमेरिका का यह कदम न केवल अंतरराष्ट्रीय राजनीति को झकझोरता है, बल्कि दशकों से चले आ रहे परमाणु निरस्त्रीकरण समझौतों पर भी प्रश्नचिह्न लगा देता है। (1)कंप्रेहंसिव नुक्लियर टेस्ट बैन ट्रिटी (सीटीबीटी)-यह संधि 1996 में तैयार हुई थी, जिसका उद्देश्य विश्व में सभी प्रकार के परमाणु परीक्षणों को रोकना था। अमेरिका ने इसे साइन तो किया, लेकिन कभी रैटिफाई नहीं किया।(2)नॉन-प्रॉलीफेरेशन ट्रिटी (एनपीटी) -1970 में लागू हुई इस संधि के तहत देशों को परमाणु हथियार न फैलाने की जिम्मेदारी दी गई। अमेरिका इसका बड़ा समर्थक रहा है, पर अब वही नियम तोड़ रहा है।(3)स्टार्ट (स्ट्रेटेजीकआर्म्स रिडक्शन ट्रिटी)-अमेरिका और रूस के बीच हुआ यह समझौता हथियारों की संख्या घटाने के लिए था, लेकिन अब दोनों ही देश इस संधि को लगभग निष्क्रिय बना चुके हैं, अमेरिका का ताजा फैसला इन संधियों के लिए मौत की घंटी साबित हो सकता है।

साथियों बात अगर हम विश्व के लिए संभावित खतरे, शांति से युद्ध की ओर? को समझने की करें तो,अगर अमेरिका ने वाकई में अपने परमाणु परीक्षण फिर शुरू किए, तो यह डोमिनो इफेक्ट की तरह काम करेगा। रूस, चीन, उत्तर कोरिया और शायद ईरान भी अपनी क्षमता बढ़ाने में जुट जाएंगे। यह न केवल हथियारों की दौड़ को तेज करेगा, बल्कि न्यूक्लियर एक्सीडेंट्स, रेडिएशन लीकेज, और आर्थिक दबाव जैसी समस्याओं को भी जन्म देगा।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति बनाए रखने के लिए अब तक जो संस्थाएं काम कर रही हैं,जैसे आईएईए (इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी), उनकी भूमिका भी चुनौती में पड़ जाएगी। साथियों बात अगर हम इस फैसले को ट्रंप की राजनीति या वैश्विक रणनीति? को समझने की करें तो,विश्लेषक मानते हैं कि ट्रंप का यह फैसला केवल सैन्य दृष्टि से नहीं, बल्कि राजनीतिक उद्देश्य से भी प्रेरित है।2025 की अमेरिकी राजनीति में ट्रंप मजबूत राष्ट्रवाद और अमेरिका फर्स्ट के नारे को पुनर्जीवित कर रहे हैं। न्यूक्लियर टेस्ट का आदेश उसी एजेंडा का हिस्सा हो सकता है, जिससे वे अमेरिका को फिर सेअजेय शक्ति के रूप में पेश कर सकें।लेकिन सवाल यह है कि क्या यह अजेयता वास्तव में शांति की ओर ले जाएगी या दुनिया को एक नए संकट में धकेलेगी?

# वैश्विक कूटनीति का चातुर्य काल, मोदी डॉक्ट्रिन से मजबूत हुआ भारत

भारत की संप्रभुता के खिलाफ किसी भी कार्रवाई पर तत्काल और कठोर जवाब दिया जाता है। किसी भी तरह के परमाणु युद्ध या जमीनी युद्ध के डर से भारत पीछे नहीं हटता; बल्कि भारत अपनी शर्तों पर कार्रवाई करता है। वैश्विक कूटनीति के चातुर्य काल का तात्पर्य उस दौर से है जब विश्व के देशों के बीच कूटनीति (राजनय) और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में निपुणता, समझदारी और रणनीतिक कुशलता अत्यधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। इस काल में देशों को सीमाओं के पार जटिल राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक संदर्भों में अपने हितों की रक्षा और विस्तार के लिए सूझ-बूझ, संतुलन, संवाद, और मध्यस्थता करनी पड़ती है। 21वीं सदी में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैश्विक कूटनीति के चातुर्य काल के अधिष्ठाता समझे जाते हैं। उन्होंने समकालीन विश्व को जो कूटनीतिक संदेश दिया है, वह ।मोदी डॉक्ट्रिन यानी मोदी सिद्धांत के नाम से मशहूर है। कहना न होगा कि अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का यह काल वैश्विक सत्ता संघर्ष, क्षेत्रीय विवाद, आर्थिक साझेदारी, तकनीकी और आर्थिक सहयोग तथा बहुपक्षीय कूटनीतिक पहलों के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय माहौल को स्थिर और सकारात्मक बनाए रखने के लिए दक्षता और चतुराई की आवश्यकता पर जोर देता है। उदाहरण के रूप में, भारत की हाल की विदेश नीति में अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता, मध्य पूर्व संघर्ष, रूस-यूक्रेन युद्ध जैसे वैश्विक तनावों के बीच तटस्थता और संतुलन बनाए रखने की रणनीति, और क्षेत्रीय सहयोग जैसे क्वाड पहल शामिल हैं, जो वैश्विक कूटनीति के चातुर्य काल की एक झलक हैं।

निःसन्देह, इस काल में कूटनीतिक क्रियाकलाप बिना बल प्रयोग के अपने राष्ट्रों के योगदान और सुरक्षा सुनिश्चित करने पर केंद्रीत होते हैं। इसलिए, वैश्विक कूटनीति के चातुर्य काल का मतलब समग्र वैश्विक वातावरण में सूझ-बूझ और सामंजस्यपूर्ण कूटनीतिक प्रयासों के माध्यम से अपने और वैश्विक हितों को



संतुलित और सुरक्षित रूप से आगे बढ़ाने की क्षमता को कह सकते हैं। यह मोदी डॉक्ट्रिन यानी मोदी सिद्धांत से प्रभावित है। दरअसल, मोदी डॉक्ट्रिन का मतलब है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वह नीति-संहिता, जिसमें भारत अपनी विदेश नीति, सुरक्षा नीति और आतंकवाद के खिलाफ रणनीति में पहले से काफी ज्यादा आक्रामक, आत्मनिर्भर और सक्रिय हो गया है। इस सिद्धांत के तहत भारत हर अंतरराष्ट्रीय मसले में 'भारत के हित' को सर्वोपरि रखता है। भारत अब किसी एक गुट का हिस्सा नहीं बनता, बल्कि सभी देशों से कूटनीतिक संबंध मजबूत करता है। भारत 'मल्टी-अलाइनमेंट' को प्रोत्साहित करता है, ताकि उसकी रणनीतिक स्वतंत्रता बनी रहे। लिहाजा, 'मेक इन इंडिया' और आर्थिक-तकनीकी आत्मनिर्भरता का भी इसमें खास महत्व है। मोदी डॉक्ट्रिन के अनुसार, भारत अब आतंकवाद के खिलाफ सिर्फ डिफेंसिव नहीं, बल्कि आक्रामक रणनीति अपनाता है। सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाइयों ने यह दिखाया है कि भारत अब अपनी सुरक्षा के लिए सीमा-पार कार्रवाई करने से नहीं डरता। अब भारत आतंकवादियों के खिलाफ डोजियर भेजने की नीति को छोड़कर, सीधे सैन्य दबाव बनाता है। भारत की संप्रभुता के खिलाफ किसी भी कार्रवाई पर तत्काल और कठोर जवाब दिया जाता है। किसी भी तरह के परमाणु युद्ध या जमीनी युद्ध के डर से भारत पीछे नहीं हटता; बल्कि भारत अपनी शर्तों पर कार्रवाई करता है। भारत की मजबूत स्थिति का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान के ऊपर परोक्ष रूप से चीनी/अमेरिकी हाथ होने के बावजूद भारत ने उसके छक्के छुड़ा दिया और युद्धोंमत पाकिस्तान को भारत के समक्ष घुटने टेकने व गिड़गिड़ाने को मजबूर कर दिया। भारतीय संस्कृति, सभ्यता और योग जैसे वैश्विक अभियान भी इसी नीति का हिस्सा हैं। मोदी डॉक्ट्रिन का मतलब है- निर्णायक, निर्भीक, आक्रामक, बहुपक्षीय, आत्मनिर्भर और भारत-हित केंद्रित नीति, जिससे भारत वैश्विक मंच पर ज्यादा शक्तिशाली स्थिति में पहुंचा है। मसलन, आधुनिक संकटों में चातुर्य काल की अवधारणा को लागू करने का मतलब है जीवन में अनुशासन, संयम, और सूझ-बूझ के साथ संकटों का सामना करना। चातुर्य काल में आत्मसंयम, भक्ति, सामाजिक नियमों का पालन, और मानसिक संतुलन बनाए रखना महत्वपूर्ण होता है। इसी प्रकार, आधुनिक संकटों में- जैसे आर्थिक संकट, पर्यावरणीय समस्याएं, सामाजिक अस्थिरता या वैश्विक तनाव- इन गुणों का पालन करके स्थिरता और समाधान की दिशा में काम किया जा सकता है। चातुर्य काल की तरह, जब हम सीमित संसाधनों में संयमित और विवेकपूर्ण निर्णय लेते हैं, अपने जीवन में नियम और संतुलन बनाए रखते हैं, तो कठिनाइयों का सामना करना आसान हो जाता है। जैसे पारंपरिक चातुर्मास में व्रत और तपस्या से मन की शांति और अनुशासन मिलता है, वैसे ही आधुनिक संकटों में धैर्य, समझदारी, और संतुलित दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। इसका अर्थ है कि जब बाहरी परिस्थितियाँ अनिश्चित या कठिन हों, तब भी आंतरिक स्थिरता, नैतिकता, और सामाजिक जिम्मेदारी बनाए रखते हुए समाधान खोजने का प्रयास करना। आधुनिक दुनिया में यह वैश्विक कूटनीति, पर्यावरण संरक्षण, आर्थिक नीति, और सामाजिक सौहार्द जैसे क्षेत्रों में लागू किया जा सकता है, जहां सरल जीवन और विवेकपूर्ण कूटनीति से संकट प्रबंधन संभव होता है। वाकई वैश्विक कूटनीति के 'चातुर्य काल' के बाबत भारत के प्रधानमंत्री मोदी सिद्धांत को इस अद्भुत 'चातुर्य काल' का श्रेय देना ज्यादा उपयुक्त होगा, क्योंकि समकालीन विश्व में चाहे अमेरिका हो, चीन हो, रूस हो, यूरोपीय संघ हो, या अरब देश हों, सभी भारत के युगांतरकारी गुटनिरपेक्ष कूटनीति की मुखापेक्षी बने हुए हैं। चाहे ऑस्ट्रेलिया हो, अफ्रीकी देश हों या दक्षिण अमेरिकी देश, लगभग सभी भारत की तरह संतुलित राह पर अग्रसर रहना चाह रहे हैं। भारत की बढ़ती प्रगति और मजबूत होते आर्थिक व सैन्य सामर्थ्य से उनकी परिवर्तित निष्ठा भी स्वाभाविक है। चूंकि दुनिया के अधिकांश देश रूढ़िवादी/अनुदार देश हैं, इसलिए वो देश भारत की जनापेक्षी मौलिक नीतियों की नकल भी सही तरीके से नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए इसको नख से सिख तक समझना हरेक भारतीय के लिए बहुत जरूरी है। सच कहूं तो शांतिपूर्ण विकास व सहअस्तित्व का सिद्धांत ही मोदी प्रशासन का एकमात्र ध्येय है। लेकिन इससे हथियार व गोली-बारूद निमार्ता षड्यंत्रकारी पश्चिमी-पूर्वी देशों की अर्थव्यवस्था चरमराने लगी है।

# टांडा कोतवाली में सरदार पटेल जयंती धूमधाम से मनाई गई, रन फॉर यूनिटी का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**टांडा,रामपुर।** लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर टांडा कोतवाली में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिसकर्मियों और कॉलेज छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरूआत कोतवाली परिसर में सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी कीर्तिनिधि आनंद, प्रभारी निरीक्षक संदीप मिश्रा सहित समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने सरदार पटेल को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद सीओ कीर्तिनिधि आनंद ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। सभी ने भारत की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने तथा विविधता में एकता के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के उपरांत थाना प्रभारी संदीप मिश्रा के नेतृत्व में कोतवाली परिसर से रन फॉर यूनिटी का शुभारंभ किया गया।इसके बाद नगर के मंसब अली स्टेडियम में कॉलेज छात्रों के साथ संयुक्त रूप से राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ में छात्रों और पुलिसकर्मियों ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत का नारा लगाते हुए सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने और राष्ट्र की अखंडता को बनाए रखने का संकल्प दोहराया।



# टी.बी. रोगियों के स्वास्थ्य लाभ हेतु दी जाने वाली पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** टी.बी. रोगियों के स्वास्थ्य लाभ हेतु दी जाने वाली पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत डालमिया आई हॉस्पिटल द्वारा गोद लिये गये टी.बी. रोगियों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ दीपा सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ सत्य मूर्ति, डॉ संतोष कुमार, डॉ नितेश द्वारा 50 टी0बी0 के मरीजों को पोटली वितरित कर मरीजों को स्वास्थ्य लाभ हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि माह अक्टूबर तक 515 ग्राम पंचायतों में बलगम जांचें पूर्ण कर ली गई हैं और जल्द ही बची ग्राम पंचायतों में भी जांचे पूर्ण की जाएगी।



कार्यक्रम के आयोजन में अखलाक पी0पी0एम0 कोर्डिनेटर, श्री कामरान, तैयब खान, अकिल अली रामू यादव एवं जिला क्षयरोग केन्द्र रामपुर के कर्मचारियो के द्वारा सहयोग किया गया।

# विकास कुमार को मिली नूरपुर थाना अध्यक्ष की कमान

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर :** नूरपुर थाने के नवागत थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने थाना नूरपुर का कार्यभार ग्रहण करने पर कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाए रखने को प्राथमिकता देते हुए प्रेस वार्ता में कहा कि उनकी प्राथमिकता शासन प्रशासन के आदेशों का पालन करते हुए कानून व शांति व्यवस्था कायम रखना तथा छोटे-छोटे अपराधों पर भी पैनी नजर रखी जाएगी तथा महिलाओं और बच्चों के साथ अपराध करने वाले अपराधियों के विरोध कठोर कार्रवाई की जाएगी। विकास कुमार ने कहा कि गुंडे, अपराधी व दलाल अपना रास्ता बदल ले अन्यथा उन्हें जेल जाने से कोई नहीं बचा सकता। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य पुलिस के प्रति जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए पीड़ितों को न्याय दिलाया जाएगा तथा अपराधियों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी समय रहते पीड़ित को न्याय मिलेगा तो जनता के मन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि मेरे थाना क्षेत्र में कोई अप्रिय घटना ना घटे इसको लेकर मेरा पूरा प्रयास रहेगा और थाने का पूरा पुलिस बल 24 घंटे जनता की सेवा में रहेगा। गौरव तालाब है कि इससे पूर्व विकास कुमार रेहड थाना अध्यक्ष रहे। जहां उनकी बेदाग छवि, कुशल नेतृत्व, व्यवहार कुशलता व न्यायप्रिय कार्यशैली को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने विकास कुमार को थाना नूरपुर की कमान सौपी है।

# भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर :** ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री स्वर्गीय सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती हर्षोल्लास के साथ बनाई गई। छात्र-छात्राओं ने स्वर्गीय सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पण किये। कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली।

कॉलेज निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति अनेकता में एकता की प्रतीक है। भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री ने भी राष्ट्रीय एकीकरण हेतु अथक प्रयास किए थे। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का कर्तव्य है कि लोगों को धर्म संप्रदाय और पंथ भूलकर एक रहने की सीख दें। कॉलेज के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारतीय संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे संविधान सभा की कई समितियों के अध्यक्ष रहे। जिसमें मौलिक अधिकारों पर सलाहकार समिति प्रमुख है। उन्होंने भारतीय प्रशासनिक सेवा के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया तथा राष्ट्रीय राजनीति एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अतः उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री ठाकुर आकाश शास्त्री, डॉ आरपी सिंह, डॉ शिवाली राजपूत, डॉ ओमपाल त्यागी, सुषैन बाबू शर्मा, दलीप कुमार, रुक्मिणी देवी, शनि चौहान, छाया राजपूत, नीशु देवल आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने शातिर चोर किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



बुलंदशहर/ थाना गुलावठी पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर भमरा रोड़ के पास से शातिर चोर को चोरी की गयी बाइक, अवैध गांजा व अभियुक्त की निशाहदेही से चोरी का 01 ऑटो सहित राजू पुत्र लखमी सिंह निवासी मौहल्ला नन्नू खां थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर को गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना गुलावठी पर मुअसं-509/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया हैं।

# ब्राह्मण शिरोमणि स्व पं० मांगेराम शर्मा की जयंती पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय प्रवक्ता सोमदत्त शर्मा यूपी उपाध्यक्ष पं० गोपाल शर्मा ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़ सिंभावली माधापुर !** विश्व ब्राह्मण संघ यूपी (भारत) के तत्वावधान में ब्राह्मण शिरोमणि स्व पं० मांगेराम शर्मा संस्थापक विश्व ब्राह्मण संघ (भारत) का 89 वाँ जयंती कार्यक्रम का आयोजन जनपद हापुड़ सिंभावली ब्लॉक के गांव माधापुर में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रवक्ता पं० सोमदत्त शर्मा यूपी उपाध्यक्ष पं० गोपाल ने माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी कार्यक्रम की अध्यक्षता पं० लखपत शर्मा ने की जबकि संचालन पं०हरिदत्त शर्मा ने किया !मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रवक्ता पं० सोमदत्त ने कहा कि ब्राह्मणों ने भारत में प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री दिए परन्तु आज ब्राह्मणों को विधायक और सांसद तक का टिकट पार्टियां नहीं दे रही !

पं० मांगेराम शर्मा ने नारा दिया था कि जो ब्राह्मणों का सम्मान करेगा वही देश पर राज करेगा! यूपी उपाध्यक्ष पं० गोपाल शर्मा ने कहा भारत सरकार ब्राह्मण शिरोमणि स्व पं० मांगेराम शर्मा जी को भारत रत्न से सम्मानित करे।

# एकता दिवस के रूप में मनाई गई लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** आर पब्लिक स्कूल में स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री, भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। जिसमें स्कूली छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया।? एकता दिवस पर नूरपुर नगर के थाने से शुरू की गई राष्ट्रीय एकता दौड़ में स्कूल के छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता व उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह, शिक्षकगण एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने सरदार वल्लभभाई पटेल जी के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि महान बनने के लिए महान विचार का होना अति आवश्यक है क्योंकि विचारों से ही व्यक्ति की पहचान होती है। आज भी पूरा देश लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के देश के लिए किए गए एकीकरण और अखंड बनने के लिए योगदान को याद करता है। आज हम सबको उनके दिखाए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। स्कूली बच्चों को उनके पद चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर स्कूल में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दिया त्यागी, प्राप्ति शेखावत, कार्तिक चौहान, वंशिका चौहान, जसमीत कौर, प्रगति राजपूत, इशिका ,माही चौधरी, अपूर्वा, तनु पाल, सारिका, लक्ष्य गौड़ ,अनुष्का, अंशुल चौहान, शांतनु शर्मा, विदित चौधरी आदि ने प्रतिभाग किया।

# तेरापंथ महिला मंडल वाराणसी द्वारा फिक्स माय लाइफ फाउंडेशन के जूनियर हाई स्कूल में जनसेवा कार्यक्रम का आयोजन

**(संतोष कुमार सिंह)**



**वाराणसी :-** बच्छाव स्थित फिक्स माय लाइफ फाउंडेशन के जूनियर हाई स्कूल तथा तेरापंथ महिला मंडल वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में एक बहुआयामी जनसेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गयो कार्यक्रम की शुरूआत नवकार मंत्र से किया गया इस अवसर पर संस्था की ओर से बालिकाओं को निशुल्क सेनेटरी पैड वितरित किए गए एवं उन्हें मासिक धर्म स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता के विषय में उपयोगी जानकारी दी गई यह वितरण सखी पेड बैंक की फाउंडर सुनीता भार्गव के सानिध्य में किया गया साथ ही बच्चों के लिए गरम कपड़ों का भी वितरण किया गया जिससे सर्दी के मौसम में उन्हें राहत मिल सके कार्यक्रम के दौरान बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक पर्यावरण बचाओ पर ड्रॉइंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें उत्साहपूर्वक भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया साथ ही सभी स्कूल के बच्चों को मौजा,रुमाल,पेन और टॉफी का वितरण किया` कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों एवं बालिकाओं में स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और सृजनशीलता को बढ़ावा देना था` इस आयोजन के सफल संचालन में जयश्रीं जैन और फिक्स माय फाउंडेशन की फाउंडर सोना कपूर का विशेष योगदान रहा` सभी अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और समाज में ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया। तेरापंथ महिला मंडल की सभी महिलाओं ने और सखी पैड बैंक की टीम ने यह संकल्प लिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक कल्याणकारी कार्य निरंतर रूप से आयोजित किए जाएंगे ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा की भावना पहुँचे इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हमारी पूरी यूनिट और टीम वर्क का योगदान है संस्था की अध्यक्ष कांता मालू ने जैन समाज के बारे में बच्चों को जानकारी दी और धन्यवाद ज्ञापन ममता और लक्ष्मी जैन ने किया` अध्यक्ष कांता मालू और मंत्री जयश्री जैन ने सभी बड़े प्रोजेक्ट के लिए तहे दिल से दिया धन्यवाद

# कांग्रेसियों ने विचार गोष्ठी आयोजित कर पुष्पांजिल की अर्पित



बुलंदशहर डिबाई तहसील क्षेत्र के गांव चौगानपुर में शुक्रवार को कांग्रेस नेता व कार्यकताओं ने उपाध्यक्ष कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव व शहर अध्यक्ष इंजीनियर रवि लोधी के साथ एकत्रित होकर भारत की पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि व लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल व प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी आचार्य नरेंद्र देव की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए विचार गोष्ठी आयोजित की विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव, इंजीनियर रवि लोधी शहर अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष व विधानसभा प्रभारी सलाम खान ने इंदिरा गांधी को प्रथम महिला प्रधानमंत्री व अपने साहसिक निर्णय से विश्व में भारत को एक नई पहचान दिलाने वाली व सोने की चिड़िया बनाने वाली व अमेरिका को अपने ताकत से भारत के कदमों में झुकाने वाली बताते हुए पाकिस्तान के भूगोल को बदलकर बांग्लादेश राज्य के अलग स्थापना के समय 97000 पाकिस्तानी सैनिकों को बंधक बनाने जैसे साहसिक निर्णय से वर्तमान में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारत के प्रधानमंत्री को धमकाने व डरने की चर्चा को मोदी को कमजोर प्रधानमंत्री बताते हुए उन्होंने आयरन लेडी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से प्रेरणा लेने के आह्वान के साथ 562 रियासतों में बटे भारत को आपस में रियासतों को मिलाते हुए अखंड भारत के सपने के साथ लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को एक महान राजनेता के साथ-साथ आजादी दिलाने वाला व आजादी के बाद भारत को एक सूत्र में पिरोने वाला महानायक बताया श्रद्धांजलि सभा/ विचार गोष्ठी की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह राघव व संचालन पूर्व जिला सचिव रविंद्र लोधी ने किया पुष्पांजलि व श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष हिम्मत सिंह लोधी,पुष्पेंद्र सिंह लोधी ,राजेंद्र शर्मा ,वरिष्ठ नेता बबलू कुरैशी , लाल सिंह लोधी सहित कार्यकर्ता व नेता उपस्थित रहे।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर जनपद रामपुर में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के अंतर्गत पैदल मार्च का भव्य आयोजन किया गया।

कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र , जिलाध्यक्ष भाजपा हरीश गंगवार, जिला प्रभारी राजा वर्मा एवं जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मोहन लाल सैनी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ अम्बेडकर पार्क से किया, जो गांधी समाधि पर सम्पन्न हुआ। इस दौरान पैदल मार्च में पुलिस के जवानों, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट-गाइड्स, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने एकता में ही शक्ति है के नारों के साथ जनपद में राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश प्रसारित किया। मा० राज्यमंत्री ने कहा कि देश की एकता और अखण्डता के निर्माण में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का अतुलनीय योगदान रहा है। उन्होंने अपने साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और संगठन क्षमता से भारत को एक सूत्र में पिरोकर एक मजबूत और अखण्ड राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। उनका जीवन देशभक्ति, निष्ठा और नेतृत्व का अनुपम उदाहरण है। हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र के विकास में योगदान देना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि देश के एकीकरण में सरदार वल्लभभाई पटेल का योगदान ऐतिहासिक और अनुकरणीय रहा है। हमें उनके मार्ग पर चलते हुए देश की एकता और अखंडता को सुदृढ़ बनाना चाहिए। सरदार पटेल का जीवन अनुशासन, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम, एकता, अनुशासन और सामाजिक समरसता की भावना को सुदृढ़ करना है। रन फॉर यूनिटी के उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर में पैदल मार्च यात्रा को हरी झंडी दिखाकर पुलिस जवानों के साथ पैदल मार्च किया गया।



# ट्रक ने भेड़ के झुड को रौंदा सवा सौ भेड़ों की मौत

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**ढेबरुआ/सिद्धार्थनगर।** ढेबरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत के राष्ट्रीय राजमार्ग-730 स्थित बढ़नी-ढेबरुआ मार्ग पर भरौली पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार शाम एक तेज रफ्तार ट्रक ने भेड़ों के झुंड को रौंद दिया। जिससे करीब सवा सौ भेड़ों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं सौ से अधिक गंभीर रूप से घायल हो गई। भागते समय ट्रक ने रास्ते से गुजर रही एक पिकअप को भी टक्कर मारी जिसे चालक घायल हो गया। शोहरतगढ़ पुलिस ने शोहरतगढ़ कस्बे में बैरिकेटिंग कर ट्रक व चालक को हिरासत में ले लिया है।

ढेबरुआ थाना क्षेत्र के ग्राम ढेबरुआ निवासी बुधई और चिनगुद भेड़ पालक हैं। शुक्रवार को वह अपनी साढ़े तीन सौ से अधिक भेड़ों को चराने गए थे। शाम करीब 6 बजे सड़क किनारे होते हुए भेड़ों को अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बढ़नी की तरह से जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने अचानक भेड़ों के झुंड को कुचलते हुए निकल गया। जिसमें करीब सवा सौ भेड़ों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं सौ से अधिक गंभीर रूप से घायल हो गई। घटनास्थल पर दृश्य बेहद भयावह था, क्योंकि हाइवे पर तमाम भेड़ों की लाश पड़ी हुई थी और चारों तरफ खून बिखरा हुआ था। इस दौरान जो भी उधर से गुजरा उसके रोंगटे खड़े हो गए।थाने से लगभग एक किलोमीटर दूर घटना होने के कारण ढेबरुआ एसओ नारायण लाल श्रीवास्तव तत्काल मौके पर पहुंच गए, तब तक ट्रक लेकर चालक फरार हो चुका था। इस दौरान लगभग 2 घंटे तक आवागमन बाधित रहा और गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। पुलिस ने जेसीबी बुलवाकर भेड़ों को हाईवे से हटवाया। भागने की कोशिश में ट्रक चालक ने रास्ते गुजर रही एक पिकअप (एमएच04एलक्यू 5961) को भी जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बलरामपुर जिले के पचपेड़वा थाना क्षेत्र के धनखरपुर निवासी चालक संदीप को चोटें आईं। उन्हें बढ़नी स्थित एक निजी अस्पताल में पहुंचाया गया। एडिशनल एसपी प्रशांत कुमार प्रसाद ने घटना की सूचना सीमावर्ती थानों को दी और घटना कर भाग रहे ट्रक को पकड़ने के लिए नाकेबंदी करने के निर्देश दिए। लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शोहरतगढ़ थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने शोहरतगढ़ कस्बे में नाकेबंदी कर ट्रक व चालक को कब्जे में ले लिया। पशुपालक बुधई का रो-रोकर बुरा हाल है। उनका कहना है कि भेड़ें ही उनकी रोजी-रोटी का एकमात्र जरिया थीं। लाखों की भेड़ों के मरने से अब वह परिवार का भरण-पोषण कैसे करेंगे, यह उनके सामने बड़ी चुनौती बन गया है। पीड़ित ने मुआवजे की मांग की है।



# न्यू सिटी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का हुआ उद्घाटन

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**





**तुलसियापुर/सिद्धार्थनगर।** बढ़नी - शोहरतगढ़ व कोटिया मार्ग के गणेशपुर चौराहा पर अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करीब 10 बेडों वाले न्यू सिटी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का शुक्रवार को उद्घाटन किया गया। इस हॉस्पिटक का उद्घाटन प्रधान संघ जिलाध्यक्ष डॉ. पवन मिश्रा ने किया।

न्यू सिटी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल 24*7 आपातकालीन सेवाओं के साथ संचालित होगा और 8 विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम द्वारा विभिन्न रोगों का उपचार प्रदान करेगा। इस टीम में हार्ट एवं शुगर , बी.पी. स्पेशलिस्ट डा. रश्मिन जैन , बच्चों के स्पेशलिस्ट डा. रविन्द्र ( , डा. अंबेराव , डा. सलीम हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ. ए. आर. यादव , महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. शमा परवीन के साथ साबीर खान व कोमल यादव शामिल हैं। हॉस्पिटल के उदघाटन के अवसर पर कलाम खान, प्रधान प्रतिनिधि सलाम खान, प्रधान वसीर, वीरेंद्र जायसवाल, बबलू चौबे, करम हुसैन, रूपेन्द्र, आशुतोष पांडेय, राजेंद्र जायसवाल, दिनेश यादव आदि मौजूद रहे। हॉस्पिटल के प्रबंधक ए. आर. यादव ने बताया कि अस्पताल में एक्स-रे व ई.सी.जी की सुविधा , एन. आई. सी. यू.की सुविधा व ऑक्सीजन की सुविधा के साथ मल्टीपैरा मोनीटर उपलब्ध है। बताया कि हॉस्पिटल में हृदय, दमा, शुगर, बी. पी. , टी.बी. , थायराइड, मिर्गी, किडनी की बीमारी, लीवर की बीमारी, जोड़ों का दर्द, लकवा, गठिया , बवासीर , हर्निया और हाइड्रोसील आदि बीमारियों का इलाज कम खर्च व आधुनिक उपकरणों के द्वारा किया जाएगा।

## सार संक्षेप

### पत्रकार एलएन सिंह हत्याकांड पर फेडरेशन ने डीएम से की मुलाकात, सुरक्षा व आर्थिक सहायता की मांग



**प्रयागराज।** ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम न्यूजपेपर फेडरेशन एवं उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा से मुलाकात कर मृतक पत्रकार एल. एन. सिंह के परिवार के लिए आर्थिक सहायता और पत्रकारों की सुरक्षा के लिए त्वरित कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा, जिसमें पत्रकार सुरक्षा कानून के शीघ्र लागू होने, एल. एन. सिंह के परिवार को सम्मानजनक आर्थिक मदद और बच्चों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करने की मांग शामिल थी। ज्ञापन में अभियुक्तों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए आयुष्मान कार्ड की सुविधा तुरंत उपलब्ध कराने की भी मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल में अनिल त्रिपाठी (महामंत्री), परवेज आलम (उपाध्यक्ष), कुलदीप सिंह (जिला अध्यक्ष), एसके मिश्रा (वरिष्ठ सदस्य) और दीपक चतुर्वेदी शामिल थे। जिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए ज्ञापन को एडीएम सिटी सत्यम मिश्रा के माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय को प्रेषित कर दिया।

### भाकियू (टिकैत) के सिपाहियों ने पूरी की मोती कॉलोनी पुलिया का कार्य



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**

**हापुड़।** वार्ड नंबर 33 मोती कॉलोनी स्थित पुलिया का निर्माण कार्य आज भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के सिपाहियों द्वारा पूर्ण कराया गया। यह कार्य संगठन के सक्रिय सदस्य शाह आलम चौधरी की कड़ी मेहनत और लगन से सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के दौरान भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के नगर प्रवक्ता जाहिर मंसूरी ने कहा कि संगठन हमेशा किसान और मजदूरों की आवाज बनकर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि संगठन जनहित से जुड़े कार्यों में सदैव अग्रणी भूमिका निभाता आया है और आगे भी समाज सेवा के कार्य जारी रहेंगे।इस अवसर पर नगर अध्यक्ष इकबाल इदरीसी, वार्ड अध्यक्ष आस मोहम्मद हकीम जी, नगर सचिव डॉ. नदीम और नगर सचिव राजा सहित यूनियन के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने पुलिया निर्माण पूर्ण होने पर हर्ष व्यक्त किया और शाह आलम चौधरी के प्रयासों की सराहना की।

### गीता शोध संस्थान में तीन दिवसीय श्रीकृष्ण राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा विगत वर्षों की भांति भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं के चित्रांकन हेतु ॖश्रीकृष्ण राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर झ 2025ॖ ( श्री कृष्ण नेशनल आर्ट वर्कशॉप) का आयोजन किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय शिविर 1 से 3 नवंबर 2025 तक गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी वृंदावन में आयोजित होगा। शिविर का उद्घाटन उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री सूरज पटेल द्वारा किया जाएगा। शिविर का समापन 3 नवंबर 2025 को किया जाएगा। उद्घाटन अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले महिला एवं पुरुष चित्रकारों को रंगों की किट, कैनवास और परिचय पत्र (आई-कार्ड) प्रदान करने के साथ ही ये वर्कशॉप प्रारंभ होगी। शिविर के सह संयोजक व समन्वयक संस्थान के कोऑर्डिनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार के अनुसार राष्ट्रीय वर्कशॉप में कुल 21 महिला एवं पुरुष चित्रकार भाग ले रहे हैं, जो भगवान श्रीकृष्ण की विविध लीलाओं का चित्रांकन अपनी-अपनी विशिष्ट कला शैली में करेंगे।

# गढ़ खादर मेले का भव्य उद्घाटन, मंत्री जी ने किया शुभारंभ

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर।** परंपरा और आस्था के प्रतीक गढ़ खादर मेले का भव्य उद्घाटन हुआ। मेले का शुभारंभ मंत्री जी ने विधिवत फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अमरोहा सांसद कंवर सिंह तंवर, जिला अधिकारी,व पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर उनके पति एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद नागर, सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मंत्री जी ने अपने संबोधन में कहा कि गढ़ खादर मेला केवल व्यापार और मनोरंजन का केंद्र नहीं, बल्कि यह हमारे समाज की संस्कृति, परंपरा और धार्मिक आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मेले की भव्यता को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। आने वाले वर्षों में मेले में अधिक सुविधाएँ, बेहतर सुरक्षा और स्वच्छता के प्रबंध किए जाएंगे।

इस अवसर पर अमरोहा सांसद कंवर सिंह तंवर ने कहा कि गढ़ खादर मेला पश्चिमी उत्तर प्रदेश की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है, और सरकार व जनप्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयास से यह मेला अब प्रदेश ही नहीं, देशभर में अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि वह केंद्र स्तर पर भी इस मेले को और विकसित कराने के लिए हर संभव सहयोग देंगे।जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर ने अपने संबोधन में कहा कि मेले से स्थानीय व्यापारियों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा मिलता है।उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा गढ़ गंगा और गढ़ खादर मेलों को एक साथ जोड़ने की योजना की सराहना की और कहा कि इससे क्षेत्र का विकास नई ऊँचाइयों पर पहुँचेगा।भाजपा नेता प्रमोद नगर ने भी कहा कि गढ़ खादर मेला हमारी पहचान है, और इसे राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

उद्घाटन के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु और आगंतुक मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्थाएँ की गई।

# गोवर्धन के पूर्व चेयरमैन गोर गोपाल मुखिया का निधन, शोक की लहर

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** कस्बे के पूर्व चेयरमैन गोर गोपाल मुखिया के निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे न केवल सामाजिक और राजनीतिक रूप से सक्रिय थे, बल्कि धार्मिक आयोजनों में भी उनकी विशेष भूमिका रहती थी। गोवर्धन की प्रसिद्ध रामलीला में वे वर्षों से रावण का दमदार किरदार निभाते आ रहे थे। उनकी प्रभावशाली संवाद अदायगी और गूंजती आवाज ने उन्हें क्षेत्र में मुखियाजी के नाम से लोकप्रिय बना दिया था। शुक्रवार को उनके निधन के बाद कस्बे में मातम छा गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

इस दौरान विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार, व्यापार मंडल जिला उपाध्यक्ष संजीव लालाजी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि जीतू ठाकुर, कुंवर नरेंद्र सिंह, दानघाटी मंदिर सेवायत लाला पंडित, ठाकुर परशुराम, चौ. भगवान सिंह, रामधन पहलवान, पंकज मुखिया, कान्हा मुखिया, संजय मुखिया, मोहित मुखिया, लखन, मुकंद सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। उनका अंतिम संस्कार केशव मुखिया ने किया। सभी ने मुखिया जी के निधन को गोवर्धन की सामाजिक और सांस्कृतिक दुनिया के लिए अपूरणीय क्षति बताया। लोगों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि उनका सादगी भरा जीवन और मंचन के प्रति समर्पण हमेशा याद किया जाएगा।

# महाराज ग्रुप के चेयरमेन प्रीतम प्रमुख ने पीड़ित परिवार को दी 5 लाख की सहायता राशि



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** प्रमुख समाजसेवी एवं महाराज ग्रुप के चेयरमेन प्रीतम सिंह प्रमुख ने गोवर्धन तहसील के बछगांव ग्राम पंचायत अंतर्गत नगला देवीया में पीड़ित परिवार से मुलाकात की जहां विगत 27 अक्टूबर को छत गिरने की दुखद घटना हो गई थी, जिसमें एक 11 वर्षीय बच्चे की मौके पर मौत हो गई तथा दो दिन बाद उसकी दादी की इलाज के दौरान जयपुर एसएमएस अस्पताल में मृत्यु हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त हो गया। वरिष्ठ समाजसेवी प्रीतम सिंह प्रमुख ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की है। जिसे लेकर हर कोई समाजसेवी प्रीतम प्रमुख के बारे में उनके खुले हृदय और सहायक स्वभाव के बारे में बातें कर रहे हैं इसी प्रकार क्षेत्र के अन्य समाजसेवियों ने भी मुख्य रूप से कुंवर जी कुंतल द्वारा रू21000 तथा वर्तमान ग्राम प्रधान नगला देवीया प्रधान प्रतिनिधि राधे द्वारा रू11000 तथा रामवीर हवलदार ने रू5000 वीर नारायण बाजे मास्टर ने रू5000 तथा बस्ती के सभी लोगों ने अपनी-अपनी क्षमता अनुसार सहायता राशि प्रदान कर पीड़ित परिवार का सहयोग किया है।

# फोगला आश्रम में पार्थिव शिवलिंग निर्माण व रुद्राभिषेक महायज्ञ का शुभारंभ, अभिनेता राजपाल यादव हुए शामिल





**वेलकम इंडिया/सनी कुमार केसरवानी**

**वृंदावन।** कार्तिक मास के पावन अवसर पर वृंदावन धाम आज शिव आराधना और भक्ति से सराबोर हो उठा। फोगला आश्रम परिसर में आज पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक महायज्ञ का शुभारंभ श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक भावनाओं के वातावरण में हुआ।

महायज्ञ का आयोजन पूज्य बड़े भैया डॉ. अनिल शास्त्री जी के पावन सानिध्य और परम पूज्य गुरुदेव पं. देव प्रभाकर शास्त्री ॖदद्दा जीॖ पूज्य गुरु माता जिज्जी की कृपा से प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंग बनाकर महा रुद्राभिषेक में भाग लिया। पूरे परिसर में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण गूंज उठा।

इस तीन दिवसीय आयोजन में देशभर से श्रद्धालु और दद्दा जी शिष्य मंडल के सदस्य बड़ी संख्या में पहुँचे हैं। महायज्ञ में बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव ने भी विशेष रूप से भाग लिया। उन्होंने शिवलिंग निर्माण व रुद्राभिषेक अनुष्ठान में सम्मिलित होकर भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की और कहा कि वृंदावन की पवित्र भूमि पर आकर मन को अद्भुत शांति और ऊर्जा का अनुभव होता है। रुद्राभिषेक के उपरांत श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और भंडारे में भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. अनिल शास्त्री जी ने कहा –

शिव आराधना से मनुष्य के भीतर की नकारात्मकता समाप्त होती है और जीवन में दिव्यता का संचार होता है।

# न फॉर यूनिटी में पुलिस अधीक्षक ने जिले के समस्त ने पुलिसकर्मियों सहित लगवाई दौड़






**वेलकम इंडिया /हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में मनाये जाने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर समाज में एकता, अखंडता और सद्भावना का संदेश प्रसारित करने के उद्देश्य से एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह ने रिक्रूट आरक्षियों/पुलिसकर्मियों के साथ जिले के समस्त थाना क्षेत्र में रन फॉर यूनिटी-2025 में सहभागिता कर राष्ट्र की एकता के प्रति अपना संकल्प प्रकट किया गया।जिले के पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी एकता दौड़ का आयोजन किया गया।

हापुड़ जिले के समस्त के थानो में लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष में पुलिस द्वारा रन फॉर यूनिटी एकता दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें हापुड़ जिले के पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेंजय सिंह ने जिले के सभी थानों को दिशा निर्देश पर ।जैसे धौलाना थाना की समस्त पुलिस टीम ने भी क्षेत्र में रन फॉर यूनिटी दौड़ में हिस्सा बढ़चढ़कर ।कपुरपुर थाना की समस्त पुलिस टीम क्षेत्र भी रन फॉर यूनिटी दौड़ में हिस्सा लिया ।पिलखुवा कोतवाली थाना की समस्त पुलिस टीम ने क्षेत्र मे रन फॉर यूनिटी दौड़ की, हापुड़ नगर कोतवाली थाना की समस्त पुलिस टीम ने पूरे नगरीय क्षेत्र में रन फॉर यूनिटी दौड़ में, और महिला थाना प्रभारी निरीक्षक ने भी रोड़ स्थित रन फॉर यूनिटी दौड़ में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

हापुड़ देहात थाना थाना की समस्त पुलिस टीम ने क्षेत्र में भी रन फॉर यूनिटी दौड़ में हिस्सा लिया। सिम्भावली थाना थाना की समस्त पुलिस टीम ने क्षेत्र में रन फॉर यूनिटी दौड़ में हिस्सा लेने सफल रही ।बहादुरगढ़ थाना थाना की समस्त पुलिस टीम ने क्षेत्र में रन फॉर यूनिटी दौड़ में हिस्सा लिया और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को भी याद किया ।गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली थाना की समस्त पुलिस टीम ने क्षेत्र में भी रन फॉर यूनिटी दौड़ जहां उन्होंने एकता की दौड़ में हिस्सा लिया। रन फॉर यूनिटी दौड़ संपन्न हुई। इस दौरान देशभक्ति से जुड़े नारे भी लगाए गए और सभी को एकता का संदेश दिया। जिसमें हापुड़ जिले के पुलिस अधीक्षक कुँवर ज्ञानेंजय सिंह के साथ चारों क्षेत्राधिकारियों सहित जिले समस्त थाना प्रभारियों व उनकी टीम के साथ रन फॉर यूनिटी दौड़ संपन्न हुई।

# रन फॉर यूनिटी में उमड़ा जन सैलाब

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** सुबह 6:00 से ही सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृति में पूरे जिले के लोग एकत्र होने लगे बच्चे बुजुर्ग महिलाएं एवं एवरेस्ट वर्ल्ड स्कूल ,मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल ,आर्य कन्या पाठशाला आदि स्कूल के छात्र-छात्राएं सभी एक साथ भारत माता की जय के उद्घोष के साथ एवं सरदार वल्लभभाई पटेल अमर रहे इस उद्घोष के साथ दौड़ना प्रारंभ किया वह पूरे मनोयोग के साथ अटल पार्क तक सभी ने एक साथ दौड़ लगाई पटेल पार्क पर जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री एवं सदस्य विधान परिषद अशोक कटारिया ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाद में हुआ था।

उन्होंने इंग्लैंड से वकालत की पढ़ाई की और फिर अहमदाबाद में वकील के रूप में अभ्यास शुरू किया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया, जिसमें 'बारदोली सत्याग्रह' का नेतृत्व करने पर उन्हें 'सरदार' की उपाधि मिली। जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद, उन्होंने देश के पहले गृहमंत्री और उप-प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया और 562 रियासतों को एकजुट करके एक भारत का निर्माण किया, जिसके कारण उन्हें 'भारत का लौह पुरुष' कहा जाता है। उन्होंने उन रियासतों को भी स्पष्ट आईना दिखाया जिन्होंने अपनी सत्ता के मद में राष्ट्र में विलय होने के लिए इंकार कर दिया था जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर ने कहा कि कि वे अपने माता-पिता के बहुत ही आज्ञाकारी पुत्र थे पिता का नाम झवेरभाई पटेल और माता का नाम लाडबाई था। सदर विधायक विजयपाल आढती ने उनकी शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा किशुरूआती शिक्षा ग्रामीण परिवेश में हुई, और उन्होंने इंग्लैंड से वकालत की डिग्री हासिल की।भारत लौटने के बाद अहमदाबाद में वकालत शुरू की।


गढ़ विधायक हरेंद्र तेवतिया ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने अपना पूरा योगदान दिया 15 दिसंबर 1950 को मुंबई में दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया।उन्हें मरणोपरांत 1991 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। पिलखुवा नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल ने कहा कि आज का दिन उनके जन्मदिवस 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने कि व कार्यक्रम के उपरांत छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया इस अवसर पर क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल जिला महामंत्री प्रफुल्ल सारस्वत राजीव सिरोही पुनीत गोयल मोहन सिंह उपाध्यक्ष श्यामेंद्र त्यागी राज सुंदर तेवतिया राकेश त्यागी अनिरुद्ध सिंह दीपक भाटी पवन गर्ग सुनील वर्मा राजेश सक्सेना सोनू गर्ग प्रभात अग्रवाल दिनेश त्यागी सुधीर अग्रवाल विनोद गुप्ता अमित शर्मा कपिल सिंघल संजीव वर्मा सतीश सिंघल प्रशांत त्यागी योगेंद्र आदि मौजूद रहे।

## आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज सर्वसम्मति से ट्रस्ट के प्रबंधक मनोनीत

**कांधला।** शुक्रवार को प्राचीन श्री रामलीला पंचवटी मंडप ट्रस्ट एवं श्री रामलीला कमेटी कांधला, अपंजीकृत कैलाशचंद्र गुट की संयुक्त बैठक भवन प्रांगण, मोहल्ला रायजादगान में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज को ट्रस्ट के 'अध्यक्ष' के स्थान पर 'प्रबंधक' नियुक्त किया गया। यह निर्णय संस्था की धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियों के सुचारू संचालन, प्रशासनिक कार्यों की गति तथा न्यायालय में लंबित मुकदमों के प्रभावी प्रबंधन को ध्यान में रखकर लिया गया। आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज को अब रामलीला कमेटी के प्रबंधक के साथ-साथ ट्रस्ट के प्रबंधक के रूप में सभी धार्मिक, सांस्कृतिक एवं प्रशासनिक कार्यों का संचालन, सरकारी-न्यायिक पत्राचार तथा संपत्ति संरक्षण संबंधी पूर्ण अधिकार प्रदान किए गए हैं। बैठक में जोर देकर दोहराया गया कि ट्रस्ट की सभी संपत्तियां धार्मिक-सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रयोजनों के लिए आरक्षित हैं और इनका किसी भी रूप में व्यावसायिक उपयोग नहीं होगा।

# नरसिंह बगीची कृष्णापुरी से निकाली गई कृष्ण बलराम शोभायात्रा

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** अहीर समाज प्राचीन समय से बाल लीला गायन, विधा, नाट्य विधा ब्रज लोकगीत के माध्यम से कंस वध मेला करता चला आ रहा है।इसी श्रृंखला में 1986 से उस्ताद स्वर्गीय सियाराम यादव ने इसको सामाजिक न्याय दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की। तभी से आज तक कंस वध मेला सामाजिक न्याय दिवस के रूप में मनाया चला आ रहा है । यह विचार श्री कृष्ण जन्माष्टमी जन्मोत्सव शोभा यात्रा के संस्थापक एवं अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रदेश उपाध्यक्ष पहलाद यादव ने कार्यक्रम से पूर्व युवओं को संबोधित करते हुए रखें।

इसके बाद श्री कृष्णा बलराम शोभा यात्रा स्थानीय नरसिंह बगीची जनरल गंज से सुंदर मनमोहक झांकियां बैंड गाजे बाजे के साथ मंगलाचरण आरती के उपरांत शोभा यात्रा का श्री गणेश जी के पूजन समाज के सभी वरिष्ठ नागरिकों ने आरती उतार किया। तदुपरांत कार्यक्रम संयोजक डॉ देवेंद्र यादव ने शोभायात्रा में पधारे सभी आगंतुकों का दुपट्टा, फूल माला पहनकर स्वागत किया।

शोभा यात्रा कृष्ण पुरी चौराहे से होते हुए बाढ़ पुरा पर यादव महिलाओं द्वारा कृष्ण बलराम जी की आरती उतार कर भोग प्रसाद वितरण किया एवं दूध मक्खन पेड़ा आदि से सभी यात्रियों का स्वागत किया। शोभायात्रा रामलीला मैदान सदर पहुंचने पर अपार जनसमूह में बदल गई। यहां प्रतीकात्मक 51 फुट के कंस का पुतला जैसे ही कृष्ण बलराम जी ने अपनी छड़ी से उसको छुआ छूते ही युवाओं ने लड्डो के प्रहार से पुतले को चकनाचूर कर दिया ।

शोभायात्रा में वरिष्ठ समाजसेवी उस्ताद नारायण सिंह, दलवीर सिंह, डॉ योगेश , डॉक्टर सतीश, समाजसेवी गजेंद्र यादव, योगेश ,श्री राधे, रवि , मुरारी , सोबरन सिंह,रामगोपाल जीतू ,यजितेंद्र, ओपी यादव, सुनील , अर्जुन, वैभव, माधव, लक्ष्मण यादव, घनश्याम , सुरेश, गोविंद चौधरी, सुभाष यादव पार्षद सुभाष यादव भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष राजू यादव दिलीप यादव अड़ींग, दीपचंद एडवोकेट, वेतान सिंह ,बंसी यादव आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### पटेल चौक पर कुर्मी महासभा ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**बरेली।** पटेल चौक पर कुर्मी महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सी एल गंगवार के नेतृत्व में माल्यार्पण कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर अर्बन को-ऑप्रेटिव बैंक की चेयरपर्सन श्रुति गंगवार, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ लाल बहादुर गंगवार, जिला अध्यक्ष के पी सेन, रघुवीर गंगवार, नरेंद्र कुमार, जे एस गंगवार, रामवतार, अमित कुमार, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्वाला प्रसाद गंगवार, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुखन लाल पटेल, रिटायर्ड कर्नल पुरुषोत्तम सिंह, श्याम सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उसके उपरांत नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने प्रशासन की ओर से जारी किया गया शपथ संकल्प पत्र भी दोहराया, इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ लाल बहादुर गंगवार को दिल्ली में सरदार पटेल ग्लोबल अचीवमेंट अवार्ड मिलने पर भी बधाई दी गई।


### जोगीठेर विद्यालय के बच्चों को डेस्क-बेंच देने पर एमएलसी का जताया आभार




वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** क्यारा ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय जोगीठेर के बच्चों को डेस्क-बेंच उपलब्ध कराने के लिए सदस्य विधान परिषद कुंवर महाराज सिंह का विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ लाल बहादुर गंगवार ने अपने समस्त स्टाफ के साथ आभार व्यक्त किया है। दरअसल इस विद्यालय में बच्चों के लिए पर्याप्त डेस्क-बेंच नही थे, जिसके लिए एक कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक लाल बहादुर गंगवार ने एमएलसी कुंवर महाराज सिंह से बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए डेस्क-बेंच का अनुरोध किया था, जिसे एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने तत्काल स्वीकार करते हुए बहुत ही कम समय में विद्यालय को डेस्क-बेंच (फर्नीचर) उपलब्ध करा दिए। प्राथमिक स्तर पर 20 बेंच और 20 डेस्क विद्यालय को उपलब्ध करा दी गई हैं, विधान परिषद सदस्य द्वारा भेजी गई उच्च गुणवत्ता वाली डेस्क तथा बेंचो को देख बच्चों ने प्रसन्नता जाहिर की। विद्यालय के समस्त स्टाफ ने एमएलसी कुंवर महाराज सिंह का आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से गौरव गंगवार, गीता यादव, रेनू गंगवार, दीपा गुप्ता, नीलम सक्सेना, सुधांशु कुमार, मोहन सिंह, रुचि दिवाकर, रिम्पल सिंह, बेबी तबस्सुम, मीनू रस्तोगी, कृष्णा स्वाति, पंडित अनिल कुमार शर्मा आदि रहे।

### इनामी गैंगस्टर बदमाश कुलदीप उर्फ सोनू को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**हापुड़।** जनपद में योगी आदित्यनाथ को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की गद्दी संभाले लगभग 8 साल बीत चुके हैं।इन आठ सालों में उन्होंने सबसे पहला अपनी पुलिस फोर्स को कानून व्यवस्था बनाए रखने का ही आदेश दिया था।जिसके बाद से माफिया सूबे में थर-थर कांपते हुए ओर पुलिस टीम से अपने किए हुए गुनाहों की माफी मांगते हुए भी नजर आए थे।बीते 24 घंटे में बहादुरगढ़ पुलिस ने पहले 20 हजार रूपए के बड़े इनामी बदमाश अबूजर को एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया था।जिससे पूरा जिला हिल हुआ था।

# पार्टी से लौटे युवक की संदिग्ध हालात में मौत

वेलकम इंडिया/खालिद खान



**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र के नकटिया निवासी 26 वर्षीय रजनीश प्रसाद की देर रात मौत हो गई। परिजनों ने इस घटना पर संदेह जताते हुए पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के भाई नीतीश प्रसाद के अनुसार, बीती रात करीब 9 बजे रजनीश अपने पड़ोसी दोस्तों शेखर, शकील और हैप्पी के साथ कार से पार्टी करने गया था। रात करीब 11 बजे दोस्तों ने रजनीश को घर छोड़ा उस समय उसकी तबीयत बिगड़ चुकी थी और वह लगातार उल्टी कर रहा था। परिवार को लगा कि शायद उसने शराब अधिक मात्रा में पी ली है, इसलिए उन्होंने आराम करने दिया। लेकिन थोड़ी देर बाद हालत और बिगड़ने पर वह बाथरूम में गिर पड़ा। आनन-फानन में परिजन उसे नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने तीनों दोस्तों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। परिजनों का कहना है कि रजनीश और शेखर एक ही कंपनी में मैनेजर पद पर कार्यरत थे, जिसमें रजनीश वरिष्ठ (सीनियर) पद पर था। परिवार ने आशंका जताई कि कहीं पार्टी के दौरान कुछ गलत न खिला दिया गया हो, क्योंकि रजनीश का शरीर नीला पड़ गया था। मृतक के पिता मंटू प्रसाद ने कहा कि रजनीश तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और प्राइवेट नौकरी करता था। उसकी मां अनीता देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता और दृढ़ निश्चय से ही देश को एकता का स्वरूप मिला : किशन चौधरी

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय ने भारतीय एकता के प्रतीक, महान स्वतंत्रता सेनानी, देश के पहले उप-प्रधानमंत्री और पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई। इस अवसर पर सौंख तिराहे पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर किया, उन्होंने कहा सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्र भारत के एकीकरण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनकी दूरदर्शिता और दृढ़ निश्चय से ही देश को एकता का स्वरूप मिला।

रन फॉर यूनिटी के तहत शुक्रवार सुबह विद्यार्थियों और थाना मगोर्रा-सौंख चौकी इंचार्ज सहित पुलिस स्टाफ व अन्य गणमान्य लोगों ने सौंख तिराहे से केएम विवि तक दौड़ लगाई। इस दौरान सड़क पर देशभक्ति के नारे गूंज उठे। भारत माता की जय, वंदे मातरम, और एक भारत-श्रेष्ठ भारत के उद्घोष के बीच केएम विवि के सैकड़ों छात्र-छात्राएं, बाबा कढ़ेरा स्कूल के एनसीसी कैडेट्स और मगोर्रा थानाध्यक्ष हरीश चौधरी, सौंख चौकी इंचार्ज संदीप कुमार, एसआई विजेन्द्र, हरेन्द्र, प्रशांत, प्रदीप सहित ग्राम प्रधान, आम नागरिक दौड़ में शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों ने एकता, अखंडता और राष्ट्रीय समरसता का संदेश दिया। केएम विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. पूरन सिंह ने कहा रन फॉर यूनिटी का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश देना है, साथ ही यह फिट इंडिया की भावना को भी बढ़ावा देती है। मगोर्रा थानाध्यक्ष हरीश चौधरी ने कहा कि सरदार पटेल ने छोटे-छोटे राज्यों को एकीकृत कर भारत को एक राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। यह आयोजन उनके राष्ट्र निर्माण के प्रयासों को समर्पित था। इस अवसर पर रन फॉर यूनिट दौड़ में जिपंअ के प्रतिनिधि देवी सिंह(डीएम), चंद्रपाल प्रधान मगोर्रा, डॉ देवेंद्र प्रधान नैनू पट्टी, सौंख पूर्व चेयरमैन भरत चौधरी, पूर्व सभासद नीरज पंडित, प्रताप सिंह (पप्पू प्रधान), आरके पांडेय के अलावा केएम विवि के कुलसचिव डा. पूरन सिंह, खेल निदेशक आरके शर्मा, विश्वविद्यालय के समस्त फैकल्टी के एचओडी एवं सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

# सीडीओ का आदेश उर्वरक वितरण की जांच करो यदि कोई दोषी तो मिलेगी सजा

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ।** किसान बन्धु की समीक्षा बैठक में उर्वरक वितरण में अनियमितता के सम्बन्ध में उठाये गये मुद्दों के दृष्टिगत जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी डा० दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सहकारिता विभाग के समस्त समिति सचिवों, ए०डी०ओ० एवं ए०डी०सी०ओ० की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक में ए०आर० कोआपरेटिव देवेन्द्र बर्मन द्वारा सर्वप्रथम जनपद में उर्वरक की उपलब्धता, वितरण एवं आगामी रैक के बारे में जानकारी दी गयी।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समिति सचिवों से किसानों की जोत/रकबा चेक करने के तरीके के विषय में जानकारी ली गयी, जिस पर कुछ सचिवों द्वारा खतौनी के विवरण को समझने में आ रही समस्या से अवगत कराया गया, जिसपर तत्काल सचिवों की खतौनी पढ़ने/समझने के सम्बन्ध में एक कार्यशला का भी आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उर्वरक वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने के विषय पर भी दिशा निर्देश दिये गये। सभी सचिवों को निर्देशित किया गया कि अत्यधिक भीड़ को देखते हुए टोकन प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण किया जाये तथा वितरण रजिस्टर में किसान के रकबे का विवरण अवश्य अंकित किया जाये, साथ ही प्रमुख सचिव कृषि के निर्देश के क्रम में किसानों को उर्वरक वितरण किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि आगामी उर्वरक वितरण के दौरान लेखपाल एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की भी ड्युटी लगायी जायेगी जिससे पारदर्शी तरीके से नियमानुसार शांतिपूर्वक ढंग से उर्वरक वितरण सम्पन्न कराया जा सके। अन्त में सीडीओ ने सभी सचिवो को सचेत करते हुए निर्देशित किया कि जनपदीय अधिकारियों की ड्युटी लगाकर रैण्डम आधार पर समितियों के उर्वरक वितरण की जांच करायी जायेगी तथा दोष सचिवों के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# राधा वृन्दावन चंद्र की शोभा यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

वेलकम इंडिया



**मथुरा/वृन्दावन।** चंद्रोदय मंदिर में कार्तिक माह के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। उत्सव के प्रथम दिवस पर श्रीश्री राधा-वृन्दावन चंद्र की दिव्य शोभायात्रा का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नगर को भक्ति रस से सरावोर किया।

स्वर्ण-प्रभा से आलोकित रथ पर विराजमान श्रीश्री राधा-वृन्दावन चंद्र के दिव्य दर्शन से भक्तगण भाव-विभोर हो उठे। शोभायात्रा आरंभ होने से पूर्व मंदिर प्रांगण को रंग-बिरंगे और सुगंधित पुष्पों से सुसज्जित किया गया था। भक्तों ने स्वयं रथ को विशेष पुष्पों से अलंकृत किया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण में भक्ति और आनंद का अनुपम संगम दिखाई दिया।

शोभायात्रा की शुरूआत में ठाकुर श्रीश्री राधा वृन्दावन चंद्र को पालकी में विराजमान कर गर्भगृह से बाहर लाया गया और स्वर्ण रथ पर प्रतिष्ठित किया गया। इसके बाद नजर उतारी गई और सोहनी सेवा कर स्वच्छ ब्रज का संदेश जन मानस के मध्य प्रेषित किया गया। पूजा-अर्चना के उपरांत भक्तों ने जय-जयकार करते हुए पुष्पवर्षा की तथा रस्से खींचकर रथ को मंदिर परिसर में घुमाया। इस दौरान नगरवासियों ने भी सड़कों पर खड़े होकर पुष्पवृष्टि कर भगवान का स्वागत किया।

हरिनाम संकीर्तन की ध्वनि से सम्पूर्ण चंद्रोदय मंदिर गूंज उठा। भक्तों ने दामोदराष्टकम का गान करते हुए दीपदान किया और ठाकुर श्रीश्री राधा-वृन्दावन चंद्र से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस्कॉन बैंगलोर के विभिन्न केंद्रों से आए भक्तों ने उत्सव में हरिनाम संकीर्तन के माध्यम से भक्ति-मय वातावरण को और अधिक प्रगाढ़ बना दिया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री किशन चैधरी ने अपनी उपस्थिति से आयोजन की शोभा बढ़ाई। इस भव्य शोभायात्रा में मथुरा, आगरा, दिल्ली, नोएडा सहित विभिन्न नगरों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्तिरस और आनंद का अनुभव किया।

# अपर कृषि निदेशक ने फार्म स्कूल का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**वाराणसी मिजार्मुराद।** स्थानीय विकास खण्ड के बनकट गांव में कृषि विभाग द्वारा स्थापित फार्म स्कूल का निरीक्षण करने अपर कृषि निदेशक (प्रसार) उ0प्र0 लखनऊ शुक्रवार को वाराणसी पहुंचे। सबमिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजनान्तर्गत खरीफ सत्र 2025-26 मे बनकट गांव में फार्म स्कूल के प्रदर्शन प्लाट का निरीक्षण किया। प्रगतिशील कृषक लालजी मिश्रा के फार्म स्कूल का निरीक्षण करने हुए किसानों से फीडबैक लिया और फार्म स्कूल को किसानों के लिए उपयोगी बताया।निरीक्षण से पूर्व अपर कृषि निदेशक राजेंद्र कुमार सिंह ने फार्म स्कूल पर किसानों के साथ बैठक करके फार्म स्कूल की गतिविधियों से अवगत कराते हुए सीड ड्रिल अथवा सुपर सीडर के द्वारा फसलों की लाईन सोइंग करने की सलाह दी।

उन्होंने किसानों से कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र से सम्पर्क कर डीएसआर विधि से धान की बुआई करने के लिए प्रेरित किया।वाराणसी मंडल के संयुक्त कृषि निदेशक शैलेन्द्र कुमार,उप कृषि निदेशक अमित जायसवाल ने किसानों को रवी मौसम में फसलों की लाइन सोईंग से लाभ एवं संतुलित उर्वरकों के प्रयोग की सलाह दी। अपर कृषि निदेशक (प्रसार) ने संयुक्त कृषि निदेशक एवं उप कृषि निदेशक को साथ लेकर काशी विद्यापीठ ब्लाक में मोंथा चक्रवात के कारण क्षतिग्रस्त राजेंद्र मिश्रा के धान की फसल का जायजा लिया एवं फसल बीमा योजना से जुड़कर लाभ प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान ₹आत्मा₹ योजना की प्रभारी शोभा कुमारी, सहायक विकास अधिकारी (कृषि)बालकेश्वर, बीटीएम रामनरेश, एटीएम विनोद कुशवाहा, एनजीओ के प्रतिनिधि अशोक कुमार राय,सुखराम, बृजकिशोर, मौजीराम, रामसूरत मिश्र, रानी मिश्रा, नन्दनी देवी आदि कृषक उपस्थित रहे।

# एकता और सेहत, दोनों ही राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला हैं : डॉ मधु गुप्ता



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (यूपीएचसी) सीबीगंज में शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस विशेष कार्यक्रम में एकता और सेहत विषय पर यूनिटी ट्री (एकता वृक्ष) तैयार किया गया। जिस पर डॉ मधु गुप्ता एवं केन्द्र के सभी स्टाफ सदस्यों हिर्देश, सरिता, मनमोहन, श्रवण, सरस्वती, राजनी, मनु, रामलली, मीता, सुभिता, छाया, नीरज, दुर्गेश, जयश्री, पूनम, राखी तथा उपस्थित रोगियों ने अपने-अपने हस्ताक्षर एवं एक-एक स्लोगन लिखकर लगाया। इस अवसर पर एडी ऑफिस से अरुण, सीसीपीएम सत्यभान एवं एफएम सत्यपाल ने भी सहभागिता की और स्टाफ को प्रोत्साहित किया। सभी ने सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाने और देश की एकता व स्वास्थ्य को सशक्त बनाने की शपथ भी ली।

# रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित हुआ



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर।** नजीबाबादथाना मंडावली पुलिस द्वारा देश के भूतपूर्व उप प्रधानमंत्री पूर्व गृहमंत्री भारत की एकता और अखंडता की मिसाल भारत रत्न, लौह पुरुष स्वर्गीय सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती ' राष्ट्रीय एकता दिवस' के अवसर पर आज थाना मंडावली पुलिस द्वारा रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया।

जिसमें ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, चौधरी ईशम सिंह, अनुज चौधरी, सचिन देशवाल, कपिल राजपूत, वरुण कौशिक, संजीव भुईयार, अनुज काकरान, सेंट मैरी स्कूल मंडावली के छात्राओं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया भारतीय एकता दौड़ थाना मंडावली से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गो से होते हुए अमर शहीद अनिल सिंह फिलिंग सेंटर तक गई जहां कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का स्वागत किया गया तत्पश्चात थाना अध्यक्ष पुष्पेन्द्र के नेतृत्व में सभी ने अपनी-अपनी श्रद्धांजलि सरदार वल्लभभाई पटेल जी को दी इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि रन फॉर यूनिटी राष्ट्रीय एकता के अद्भुत शिल्पी, नवीन भारत के निमार्ता एवं देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल जी सच्ची श्रद्धांजली है उनकी जयंती पर की जयंती पर कोटि नमन करते हैं चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी दृढ़ संकल्प और मजबूत इच्छाशक्ति के प्रतीक हैं जिन्होंने अपने अथक प्रयासों से देश को एक सूत्र में बांधा है स्व सरदार पटेल की वजह से ही आज के आधुनिक भारत का स्वरूप साकार हो सका इस अवसर पर थाना अध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह ने रन फॉर यूनिटी में प्रतिभा करने के लिए सभी अतिथियों क्षेत्र नागरिकों का सेंट मैरी स्कूल के बच्चों छात्र-छात्राओं का आभार प्रकट किया इस अवसर पर वरिष्ठ उप निरीक्षक योगेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक संजय यादव, महेश कुमार, सोनू चौहान, सहित मंडावली थाने के सभी स्टाफ पुलिस लाइन से आए हुए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुलिस कांस्टेबल मंडावली थाना क्षेत्र के सभी सम्मानित पत्रकार बंधुओ ने रन फॉर यूनिटी में भाग लिया।

## पति पर अतिरिक्त दहेज की मांग मांग करने का आरोप पूरी नही होने पर मारपीट

**कांधला।** नगर के मोहल्ला खेल निवासी एक विवाहित महिला ने अपने पति पर अतिरिक्त दहेज की मांग करने एवं पीड़िता के साथ दहेज की मांग पूरी नही होने पर मारपीट करने और आरोपी पति पर भाभी के साथ अवैध संबंध रखने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। नगर के मोहल्ला खेल निवासी एक विवाहित सोनिया पुत्री संतराम महिला ने बताया कि उसकी शादी शामली के मोहल्ला सती मंदिर निवासी एक व्यक्ति के साथ हुई है। महिला का आरोप है कि उसका पति अपने परिजनों के साथ मिलकर अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए पीड़िता का शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करते हुए मारपीट करता है। पीड़ित का आरोप है कि विगत बुधवार को आरोपी पति ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया था जो कि अपने मायके में आकर रह रही है। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति के अपनी भाभी के साथ अवैध संबंध है जब विरोध करती है तो आरोपी मारपीट करता है।

## एकता के संदेश के साथ सरदार पटेल की मनाई

# रन फॉर यूनिटी में इंस्पेक्टर महेश चंद व ईओ दिनेश शुक्ला साथ ही स्टॉफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी दर्ज की




**वेलकम इंडिया**

**निघासन खीरी।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर कस्बे में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया कोतवाल महेश चंद ने कोतवाली परिसर में कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई उसके बाद थाने से मुख्य चौराहे पहुंचे सुबह 8 से 10 बजे के बीच दौड़ का आयोजन हुआ जिसमें कस्बे के जिला पंचायत इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पंकज गुप्ता अध्यापकों सहित बच्चों में खासा उत्साह दिखा इसी दौरान मुख्य चौराहे से एब्लॉन पब्लिक स्कूल से होते हुए पुनः मुख्य चौराहे पर वापस आए जबकि कोतवाल महेश चंद्र ने बच्चों को सरदार वल्लभभाई पटेल के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बिस्किट व पानी की बोतल का वितरण किया सुरक्षा और सुविधा का ध्यान विशेष ध्यान रखा गया साफ सफाई के उद्देश्य से नगर पंचायत कर्मचारी भी रहे इस अवसर पर दौड़ की अवधि 45 मिनट व दूरी करीब एक से डेढ़ किलोमीटर रही मार्ग का चिन्हांकन कर दिशा संकेतक का प्रयोग किया गया कार्यक्रम स्थल के आसपास मेडिकल टीम व एंबुलेंस भी मुस्तैद रही प्रतिभागियों के लिए पीने का पानी व नाश्ता मौजूद रहा दौड़ के मार्ग पर यातायात व सुरक्षा की दृष्टि से पुलिसकर्मी भी तैनात रहे इस अवसर पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक आदित्य यादव उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह दीवान लवकुश यादव हरिकेश राय सिपाही माधव यादव अनिल कुमार प्रशांत अंकित सहित अन्य विभागों के भी कर्मचारी मौजूद रहे।

# सविता सिंह बनी पूर्वांचल वीरांगना की अध्यक्ष



**वाराणसी मिजार्मुराद।** अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा के द्वारा वाराणसी के सिगरा स्थित अन्नपूर्णा नगर की निवासी और प्रतिष्ठित सामाजसेवी सविता सिंह को वर्तमान सत्र के लिए संगठन की पूर्वांचल (उत्तरप्रदेश) इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।पोस्ट ग्रेजुएट की योग्यता रखने वाली वरिष्ठ नागरिक सविता सिंह आरम्भ से ही सरल और सामाजिक रही प्रवृत्ति की रही हैं। लम्बे समय से घर परिवार और व्यवसाय के साथ साथ समाजसेवा और राजनीति में भी सक्रिय रही हैं। भारतीय जनता पार्टी में महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष, किसान इंटर कॉलेज, मिजार्मुराद, बी एस मेमोरियल आईटीआई और यशपाल सिंह आइवी लीग स्कूल की प्रबंध निदेशक, एस आर गारमेंट्स की प्रॉपराइटर, इनर व्हील क्लब की प्रेसिडेंट हैं। लंबे समय से विश्व हिंदू परिषद से भी जुडी रही हैं। सविता सिंह वाराणसी और आसपास में सामाजिक और राजनितिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण हस्ताक्षर रही हैं।अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा के संस्थापक सह मुख्य संरक्षक डॉ. एम. एस. सिंह मानस, अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष रंभा सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री प्रोफेसर डॉ. रश्मि सिंह बैस और समस्त केंद्रीय कार्यकारिणी ने सविता सिंह को पूर्वांचल वीरांगना का अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर उन्हें बधाई देते हुए यह विश्वास प्रकट किया है कि उनके अनुभवों और दक्षता का लाभ हर स्तर पर संगठन को प्राप्त होगा।

# रन फॉर यूनिटी के तहत मिजार्मुराद पुलिस ने निकाला मार्च



**वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी**

**मिजार्मुराद।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को रन फॉर यूनिटी के तहत लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी के 150वीं जयंती पर मिजार्मुराद पुलिसकर्मियों द्वारा समाजसेवियों व छात्राओं के साथ मार्च निकाला गया।इस अवसर पर मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों व समाजसेवियों व छात्राओं ने उत्साहपूर्वक दौड़ में भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने देश की एकता और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ एकजुटता का संदेश दिया।रन फॉर यूनिटी की शुरूआत मिजार्मुराद पुलिस पिक बूथ से हुई जो राने चट्टी तक जाने के बाद पुनः वही आकर संपन्न हुई। दौड़ के दौरान पुलिसकर्मियों ने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के नारों के साथ उत्साह और देशभक्ति का वातावरण बनाया।इस अवसर पर मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय, ग्राम प्रधान गौर विजय कुमार गुप्ता 'डब्लू', शैलेन्द्र सिंह 'पिंटू', उमेश उपाध्याय, कन्हैया लाल बिन्द, अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', वंशम गुप्ता, सभाजीत यादव, अखिलेश यादव, अभिषेक यादव, एसआई विवेकानंद द्विवेदी, गणेश पटेल, अजीत मिश्रा, रामचन्द्र यादव, मधुसूदन त्रिपाठी, गोविंद निषाद, इंद्र देव यादव, दिनेश यादव, नितेश, सतेंद्र कुमार, सोनी, माया समेत अन्य पुलिसकर्मी व समाजसेवी व छात्र उपस्थित रहे।

# बरसात भी नहीं रोक पाई रन फार यूनिटी को



**हिना कमाल/वेलकम इंडिया**

**मेंहदावल।** मेंहदावल तहसील क्षेत्र के बेलहर पुलिस कर्मियों ने शुक्रवार को लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में मनाये जाने वाले ₹राष्ट्रीय एकता दिवस₹ के अवसर पर समाज में एकता, अखंडता और सद्भावना का संदेश प्रसारित करने के उद्देश्य से ₹रन फार यूनिटी 2025₹का आयोजन किया। एसओ अनिल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बेलहर थाना से गनवरिया होते हुए करमा कला तक दौड़ लगाई। इस दौरान राजेश कुमार दूबे, धर्मेंद्र कुमार मिश्र,दिलीप कुमार, पुनीत सिंह,विवेक गौड़,रवीन्द्र निषाद,प्रवीण कुमार तिवारी, बृजेश सिंह,नन्दा प्रसाद,कामेश्वर सिंह रविंद्र वर्मा,राजीव कुमार यादव, चन्द्रभूषण पटेल,ब्रह्मानंद, पवन कुमार, दीनानाथ, रोहित कुमार,महिला कास्टेबल वैष्णवी शुक्ला,कोमल देवी,अंजूलता, समेत सभी पुलिसकर्मियों ने रन फार यूनिटी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

# भारतीय किसान संघ की बैठक का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** भारतीय किसान संघ के प्रदेश संगठन मंत्री शिवकांत दीक्षित के जनपद आगमन पर कार्यकताओं ने कस्बा स्थित बाईपास के निकट उनका जोरदार स्वागत किया और उसके बाद क्षेत्र के गांव पंजोखरा स्थित नारायण सिंह के आवास पर भारतीय किसान संघ की एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान संघ के प्रदेश संगठन मंत्री शिवकांत दीक्षित ने कहा कि किसानों के सामने बेसहारा पशुओं की बहुत बड़ी समस्या है। किसान की फसलों को लगातार बेसहारा पशुओं द्वारा नुकसान पहुंचाया जा रहा है,जिसको लेकर सरकार से वार्ता चल रही है। साथ ही बकाया गन्ना भुगतान,खाद समस्या और किसानों के नलकूपों के लिए नए कनेक्शन सहित किसानों की अन्य समस्याओं और उनके समाधान को लेकर चर्चा की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमकार राणा और संचालन देशराज शर्मा ने किया। इस दौरान दर्जनों कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

# एकता दिवस पर कपसेठी पुलिस ने स्थानीय लोगों संग निकाली रन फॉर यूनिटी, किया परेड का आयोजन



**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 31अक्टूबर शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस वाराणसी जिले के कपसेठी क्षेत्र में उत्साह पूर्वक मनाया गयो इस मौके पर कपसेठी पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ ह्यरन फॉर यूनिटीह्व कार्यक्रम का आयोजन किया साथ ही पुलिस बल द्वारा एकता का संदेश देते हुए परेड भी की गई कार्यक्रम की शुरूआत सुबह कपसेठी थाना परिसर से हुई जहां पुलिस कर्मियों,स्कूली बच्चों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लियो दौड़ थाना परिसर से शुरू होकर क्षेत्र के लखनसेनपुर शिवदासपुर, कपसेठी सहित विभिन्न मार्गों से होती हुई पुनः थाने पर आकर समाप्त हुईं प्रभारी निरीक्षक कपसेठी एस आर गौतम ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल देश की एकता और अखंडता के प्रतीक थे उनकी जयंती हमें यह संदेश देती है कि हम सभी मिलकर देश को मजबूत और एकजुट बनाए रखें।

सर्वोदय इंटर कॉलेज लखनसेनपुर के प्रबंधक शिवमोहन पटेल ने कहा की सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती दिवस पर समाज एक रहे तथा पटेल जी के योगदान को जो भारत के एकीकरण के लिए प्रयास किया तथा 562 रियासतों को संयुक्त भारत में मिलाया था तथा दुनिया को एकता के सूत्र में बांधने का प्रयास किया था उसे जगाने का प्रयास किया था।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई और पुलिस कर्मियों द्वारा परेड के माध्यम से देशभक्ति का संदेश दिया गया इसके बाद बच्चों को मिठाई भी वितरण की गई।

## महिला ने लगाया दुष्कर्म के प्रयास का आरोप पुलिस जांच में जुटी

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव में पति की गैर मौजूदगी में घर में अकेली महिला के साथ एक युवक ने छेड़छाड़ की हरकत करते हुए दुष्कर्म करने का प्रयास किया। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर दंपति के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। दंपति ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि वह दोपहर के समय गांव की मस्जिद में जुम्मे की नमाज पढ़ने के लिए गया हुआ था और घर पर उसकी पत्नी अकेली थी। पीड़ित व्यक्ति का आरोप है कि तभी मौका पाकर गांव का एक युवक घर में घुस गया और उसकी अकेली पत्नी के साथ छेड़छाड़ की हरकत करते हुए बदनियत से उसकी पत्नी को दबोच लिया और उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया।

# श्रीराम कथा के चौथे दिन अरुण नारायणाचार्य जी महाराज ने सुनाया प्रसंग, सैकड़ों भक्त झूमे

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** कपसेठी थाना क्षेत्र स्थित सकलपुर प्राचीन हनुमान मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव का चौथा दिन संपन्न हुओ पूज्य श्री अरुण नारायणाचार्य महराज ने कथावाचन करते हुए श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों से अवगत करायो इस दौरान उन्होंने भरत मिलाप और चित्रकूट यात्रा प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया जिससे पूरा पंडाल राम नाम के जयकारों से गूंज उठो कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत आरती और पूजन के साथ हुआ जिसमें कई क्षेत्रों के ग्रामीणों ने भाग लिया। अरुण नारायणाचार्य महराज ने अपने प्रवचनों में श्रीराम के आदर्शों और जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला उन्होंने वाराणसी को केवल एक भौगोलिक स्थान नहीं, बल्कि त्याग,तपस्या और भाईचारे का प्रतीक बतायो दूर-दराज गांवों से पहुंच रहे श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए स्थानीय निवासियों के साथ-साथ दूर-दराज के गांवों से सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

भक्तजन कथा में लीन होकर कभी भाव-विभोर हुए तो कभी जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पूरा परिसर एक आध्यात्मिक तीर्थस्थल में परिवर्तित हो गया समाज में नैतिक मूल्यों और सद्भावना का संदेश।

आयोजक कैलाश प्रसाद सेठ पत्नी गीता देवी सुपुत्र राज सोनी डीएम रहें आयोजक राज सोनी (डी.एम.) ने बताया कि यह राम कथा महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करता है बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों और सद्भावना का संदेश भी प्रसारित करता हैं समिति ने श्रद्धालुओं से आगामी दिनों में भी अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह कियां चौथे दिन की कथा ने लोगों के हृदय में श्रीराम के प्रति भक्ति और समर्पण की भावना को और गहरा कर दियां श्रद्धालु अगले दिनों की कथा को लेकर उत्सुक दिखाई दिए।

# वाद-विवाद और पोस्टर प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया देशभक्ति का उत्साह



**वेलकम इंडिया**

**झाँसी।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनमें रन फॉर यूनिटी, स्वच्छता अभियान, सरदार पटेल बाजार, वाद-विवाद, निबंध और पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिताएं प्रमुख रहीं।कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय की अध्यक्षता में हुआ।

उन्होंने अपने उद्बोधन में सरदार पटेल के विचारों और आदर्शों से प्रेरणा लेने तथा राष्ट्र एकता, स्वच्छता और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार श्री ज्ञानेंद्र कुमार, डीन प्रो. एम.एम. सिंह, निदेशक प्रो. डी.के. भट्ट तथा अकादमिक निदेशक प्रो. एस.पी. सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।इको क्लब द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लिया। संयोजक डॉ. अतुल मकरारिया ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत की। कुलपति ने सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और विद्यार्थियों को उनके योगदान से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

# सरदार पटेल जयंती पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती थाने में धूमधाम से मनाई गई। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने टीम के साथ सुबह 7 बजे 'रन फॉर यूनिटी' शुरू की, जिसमें सभी ने देश की एकता-अखंडता की शपथ ली। दौड़ थाने से बाईपास, मेन बाजार, रेलवे रोड होते हुए वापस थाने पहुंची। कस्बे में पहली बार हुआ यह ऐतिहासिक आयोजन हजारों लोगों ने देखा और थाना प्रभारी की सराहना की।

# सरदार पटेल की जयंती पर द गोल्ड पब्लिक स्कूल में आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री और 'लौह पुरुष' के नाम से विख्यात महान स्वतंत्रता सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती शुक्रवार को कांधला के द गोल्ड पब्लिक स्कूल में बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन और स्टाफ ने पटेल जी के अखंड भारत निर्माण में ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की भारी उपस्थिति ने समारोह को और भव्य बना दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल प्रबंधक कृष्णपाल सिंह और प्रधानाचार्य अजय कुमार द्वारा सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण से हुई। इसके बाद प्रधानाचार्य अजय कुमार ने पटेल जी के जीवन संघर्ष, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका और विशेष रूप से 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत का निर्माण करने वाले उनके अद्वितीय योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ₹सरदार पटेल ने न केवल देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि स्वतंत्रता के बाद भारत को मजबूत और एकजुट राष्ट्र बनाने का सपना साकार किया।उनका 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का संकल्प आज भी हमें प्रेरित करता है।₹स्कूल कोऑर्डिनेटर करुणा सिंह और अनुराधा शर्मा ने भी पटेल जी के बलिदान और दूरदर्शिता की सराहना की। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भाषण और देशभक्ति गीत पेश किए गए, जिन्होंने उपस्थित सभी को राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत कर दिया।

प्रबंधक कृष्णपाल सिंह ने कहा, ₹आज के युवा पीढ़ी को पटेल जी जैसे महापुरुषों से सीख लेकर देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल के समस्त स्टाफ सदस्य, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय एकता की शपथ और राष्ट्रगान से हुआ। यह आयोजन न केवल सरदार पटेल को श्रद्धांजलि था, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को उनके आदर्शों से जोड़ने का एक सफल प्रयास साबित हुआ। द गोल्ड पब्लिक स्कूल ने इस मौके पर छात्रों के बीच राष्ट्रप्रेम जागृत करने के लिए विशेष प्रदर्शनी और क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष में रैली का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** महान स्वतंत्रता सेनानी, आधुनिक भारत के निमार्ता भारत रत्न ॾलौह पुरुषॾ सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं स्वर्ण जयंती के उपलक्ष में विद्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्रों को सरदार वल्लभभाई पटेल के कार्यों एवं उनके स्वतंत्रता में योगदान से अवगत कराने हेतु डॉ.के.एन मोदी ग्लोबल स्कूल टेक्सटाइल शाखा में एक रैली का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्रों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। छात्रों द्वारा लगाए गए 'जय हिंद', 'वंदे मातरम्' व 'रन फॉर यूनिटी' के स्लोगन से सम्पूर्ण परिसर गूंज उठा। कक्षा तीन के छात्र 'देवांश अग्रवाल' द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल का किरदार निभाया गया एवं उनके द्वारा दिए गए नारों को बोला गया। इसके पश्चात कक्षा 6 के छात्र छात्राओं द्वारा एक छोटी सी लघु नाटिका की प्रस्तुति दी गई ।जिसमें सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन व उनसे जुड़े हुए कार्यों का वर्णन किया गया। विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस श्रीमती सपना खुराना द्वारा छात्रों को संबोधित किया गया व छात्रों को स्वतंत्रता संग्राम में संलग्न सरदार वल्लभभाई पटेल के कार्यों से अवगत कराया गया। छात्रों को उनके द्वारा दिखाए गए एकता के मार्ग पर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी गई। इस प्रकार लौह पुरूष सरदार पटेल जी जयंती पर संपूर्ण विद्यालय एवं डॉ.के.एन. मोदी फाऊंडेशन देश भक्ति की भावना से ओतप्रोत हो गया।




# रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वी जयंती के उपलक्ष में ॾरन फॉर यूनिटीॾ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीकरी रोड स्थित सरदार पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। इसके पश्चात एकता के संदेश के साथ सीकरी रोड से मोदी मंदिर तक दौड़ यात्रा निकाली गई ।दौड़ के उपरांत मोदी मंदिर परिसर में एक संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती सुनीता दयाल, महापौर गाजियाबाद रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी चैनपाल सिंह ने की। इस अवसर पर विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने सभी उपस्थित नागरिकों को एकता, अखंडता और राष्ट्र निर्माण के प्रति सरदार पटेल जी के योगदान की प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल जी के अद्वितीय नेतृत्व और दृढ़ संकल्प ने देश को एक सूत्र में बांधा, और आज का भारत उन्हीं के सपनों की पूर्ति की दिशा में अग्रसर है ।कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल, नवेंद्र गॉड, जितेंद्र चित्तौड़ा, अमित चौधरी, सुदेश जैन, राजेंद्र वाल्मीकि, अनिल त्यागी चेयरमैन निवाड़ी, आकाश शर्मा, रोहित तोमर, सचिन त्यागी, दीपक गुर्जर सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सेनानायक चारू निगम की अगुवाई में हुआ 'एकता दौड़' का आयोजन

**गाजियाबाद।** भारत की एकता और अखंडता के शिल्पकार, लौह पुरुष एवं अमर स्वतंत्रता सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती पर शुक्रवार को 47वीं वाहिनी प्रांतीय सशस्त्र बल (पीएसी) में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। सेनानायक चारू निगम की नेतृत्व में समारोह का आयोजन बड़े ही श्रद्धापूर्ण और गरिमामय ढंग से किया गया। इस अवसर पर आयोजित एकता के लिए दौड़ (रन फॉर यूनिटी) में पीएसी के अधिकारियों और जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सेनानायक चारू निगम की अगुवाई में जवानों ने अनेक मील की दूरी तक दौड़ लगाकर देश की एकता, अखंडता और समरसता के प्रति अपना संकल्प दोहराया। जवानों की यह एकता दौड़ सरदार पटेल जी के अदम्य साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को समर्पित रही। सेनानायक चारू निगम ने इस अवसर पर कहा कि सरदार पटेल जी ने जिस दूरदृष्टि और दृढ़ नेतृत्व से 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत को अखंड राष्ट्र बनाया, वह आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा बलों का दायित्व न केवल सीमाओं की रक्षा करना है, बल्कि राष्ट्रीय एकता और भाईचारे के संदेश को समाज तक पहुँचाना भी है। 47वीं वाहिनी के परिक्षेत्र में देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। जवानों ने तिरंगा लहराते हुए पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ दौड़ लगाई। अंत में सरदार वल्लभभाई पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता की रक्षा का संकल्प लिया गया। सेनानायक चारू निगम ने सभी अधिकारियों और जवानों को सरदार पटेल जी के आदर्शों पर चलने और देश की सेवा में सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया।

## बार एसोसिएशन में चुनाव की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का धरना जारी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद बार एसोसिएशन में चुनाव कराने की मांग को लेकर चुनाव कराओ संघर्ष समिति का धरना आज भी जारी रहा। वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश त्यागी निवाड़ी ने कहा कि जब तक चुनाव कराने की मांग नहीं मानी जाएगी, धरना लगातार जारी रहेगा और बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को वैधानिक रूप से जिम्मेदार ठहराया जाएगा। इस संदर्भ में आज एक आम सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता बीसी बंसल ने की। सभा में उपस्थित अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि वर्तमान बार पदाधिकारियों का कार्यकाल 19 जुलाई 2025 को समाप्त हो चुका है, और इसके बाद से ये अधिकारी असंवैधानिक रूप से पद पर बने हुए हैं। सभा में यह भी स्पष्ट किया गया कि एल्डर कमेटी का गठन पहले ही किया जा चुका है। ऐसे में किसी भी बार पदाधिकारी के पास कोई वैधानिक अधिकार नहीं है कि वह कोई प्रस्ताव पारित कर सके। आवश्यक होने पर केवल एल्डर कमेटी ही वैधानिक रूप से प्रस्ताव पारित करने की क्षमता रखती है। धरनारत अधिवक्ताओं ने जिला न्यायालय से अपील की है कि निवर्तमान बार पदाधिकारियों के किसी भी प्रस्ताव पर संज्ञान न लिया जाए और केवल एल्डर कमेटी द्वारा पारित प्रस्तावों पर ही कानूनी कार्रवाई की जाए। वरिष्ठ अधिवक्ता नरेश गौतम ने कहा कि आज की आम सभा में स्थिति का मूल्यांकन किया जाएगा और उसके बाद आगे की धरने की रणनीति तय की जाएगी। सभा में वरिष्ठ अधिवक्ता बीसी बंसल, नरेश गौतम, हरेन्द्र कुमार गौतम, वरूण त्यागी, अतुल्य कुमार शर्मा सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे। उन्होंने सभी से अपील की कि वे संयम और अनुशासन बनाए रखते हुए बार एसोसिएशन में चुनाव प्रक्रिया को सुचारु और पारदर्शी बनाने में सहयोग करें।

## उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी निर्विरोध चुनी गई

**गाजियाबाद।** क्रिकेट के क्षेत्र में लंबे समय से अपने योगदान और समर्पण के लिए प्रसिद्ध समाजसेवी राकेश मिश्रा को अब एक और अहम जिम्मेदारी मिली है। उन्हें उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुना गया है। यह चुनाव पूरी प्रक्रिया में बिना किसी विरोध के सम्पन्न हुआ और नई कार्यकारिणी निर्विरोध घोषित की गई। चुनाव प्रक्रिया के अंतिम दिन किसी भी उम्मीदवार ने नाम वापस नहीं लिया, जिससे पूरी कार्यकारिणी स्वत: निर्विरोध बन गई। इस प्रक्रिया में अध्यक्ष पद पर निधिपथ सिंघानिया, उपाध्यक्ष पद पर राकेश मिश्रा, सचिव पद पर प्रेम मनोहर गुप्ता, संयुक्त सचिव पद पर उमर मुस्तफा और कोषाध्यक्ष पद पर सचिन शुक्ला का नाम फाइनल किया गया। चुनाव अधिकारी ए. के. ज्योति ने यूपीसीए की वेबसाइट पर इस फाइनल लिस्ट की घोषणा की। यूपीसीए की गवर्निंग काउंसिल के दो पदों पर डॉ. संजय कपूर और संजय सिंह चुने गए हैं, जो उत्तर प्रदेश की टी-20 टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके अतिरिक्त यूपीसीए की एपेक्स कमेटी के 11 सदस्यों में सिद्धार्थ सिंह, सुनील जोशन, करणपाल सिंह, लक्ष्य राज त्यागी, सिद्धार्थ प्रसाद, मनीष चौहान, सैफुद्दीन, सुरेंद्र पाल सिंह, लतीफुर्रहमान, सक्षम मिश्रा और उमर अहमद शामिल हैं। राकेश मिश्रा हमेशा से खेल और खिलाडि?ों के प्रोत्साहन के लिए समर्पित रहे हैं। उन्होंने गाजियाबाद से कई महान खिलाडि?ों को खेल की दुनिया में स्थापित किया है। राकेश मिश्रा ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे।

# आरकेजीआईटी में वार्षिक बिक्री उत्सव-सेल्स आनंद 2025-प्रतियोगिता का आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाज़ियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** आरकेजीआईटी संस्थान के प्रबंधन विभाग ने वार्षिक सेल्स फेस्ट-सेल्स आनंद का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन आरकेजीआईटी समूह के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, सलाहकार डॉ.लक्ष्मण प्रसाद कार्यकारी निदेशक डॉ.डी.के.चौहान, निदेशक डॉ. बीसी.शर्मा और एचओडी एमबीए डॉ.विभूति त्यागी द्वारा किया गया क इस उत्सव में आरकेजीआईटी के विभिन्न विभागों जैसे एमबीए, बीबीए, से 40 से अधिक टीमों (प्रत्येक टीम में 4 प्रतिभागी शामिल हैं) ने भाग लिया। सेल्स फेस्ट का माहौल उत्साहपूर्ण था और प्रत्येक टीम ने एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा की और ग्राहकों को उनके स्टालों से अनूठे उत्पादों को खरीदने के लिए राजी करने का प्रयास किया। टीमों द्वारा ग्राहकों को लुभाने के लिए विभिन्न विपणन और विज्ञापन कौशल का प्रदर्शन किया गया। प्रोग्राम में निदेशक डॉ बी.सी.शर्मा ने कहा कि आज के दौर में मैनेजमेंट स्टूडेंट्स की उपयोगिता बढ़ गई है। मल्टीनेशनल कंपनियां आ रही हैं, उन्हें अपना बिजनेस बढ़ाने के लिए स्टूडेंट्स की जरूरत होती है। इसलिए मैनेजमेंट स्टूडेंट्स को मार्केट में हो रहे बदलाव की जानकारी होनी चाहिए। प्रोग्राम में मुख्य अतिथि वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने प्रतिभागियों को मोटिवेट किया व छात्रों को प्रबंधन से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी और कहा कि इस प्रकार के बिजनेस आयोजन स्टूडेंट्स की क्षमता को विकसित करते हैं। इस प्रोग्राम का आयोजन डॉ निशि पाठक, अक्षय कुमार और विनीता शर्मा के संरक्षण में किया गया। बाकि सभी फैकल्टी ने भी प्रोग्राम के सफल आयोजन में अपना योगदान दिया क कालेज के सभी उच्च अधिकारियों ने डिपार्टमेंट के कार्यक्रम की सफलता की बधाई दी।

## उपरिगामी सेतु चल रहा निर्माण के सम्बन्ध में अधिकारियों ने किया निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** राज चौपला के निकट गाजियाबाद-सहारनपुर रेलवे लाइन के किमी0-48/14-15 में सम्पार संख्या-15सी (स्पेशल)/2टी के स्थान पर 04 लेन रेल उपरिगामी सेतु चल रहा निर्माण के सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी अजीत सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त मोदीनगर अमित सक्सेना, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मोदीनगर नरेंद्र मोहन मिश्रा तथा सेतु निगम के कर्मचारियों द्वारा शुक्रवार को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि जिसमें विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि विद्युल के जो पोल/ट्रांसफार्मर को हटाकर कहीं और शिफ्ट कराये एवं चौकी मोदीपोन को शिफ्ट कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया हैं तथा इसके अतिरिक्त सेतु निगम को निर्देशित किया गया कि सुविधानुसार रोड पर पिलर लगाकर खडें वाहन को रोका जायेगा।

# लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय अखंडता दिवस के रूप में मनाई

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर डॉ० के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में उनकी प्रतिमा पर कॉलेज के प्रधानाचार्य डा सतीश चंद अग्रवाल, टी पी सिंह, आर के सिंह, शरद कुमार बाजपेयी, प्रवीण जैनर, महानन्द के साथ सभी शिक्षकों एवं छात्रों ने माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें शत शत नमन किया। डा अग्रवाल ने कहा कि आजादी के बाद भारत के एकीकरण में लौह पुरुष सरदार पटेल का महत्वपूर्ण योगदान था। कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने सभी को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलायी।इस दौरान राष्ट्रीय एकता और अखंडता के संदेश के साथ विद्यालय के छात्रों ने एक रैली का आयोजन किया। विद्यालय के खेल प्रशिक्षक राजीव सिंह के नेतृत्व में छात्रों ने रन फॉर यूनिटी के लिए दौड़ लगायी तथा हिन्दी प्रवक्ता डॉ भावना सिंह, महानन्द सिंह एवं राजेश सिंह की देख रेख में एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छ के आरव प्रथम कक्षा बारह के शिवाजी द्वितीय तथा कक्षा आठ के कन्हैया तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर वाई सी शर्मा, लेफ्टिनेंट राजीव कुमार, राजीव सिंह, प्रयास शर्मा, बलराम सिंह, डा ए के जैन, आशाराम त्यागी, रामकुमार, नंदलाल, वीरेन्द्र सिंह, डॉ नीतु, डॉ भावना सिंह, वर्षा चौधरी, योगेन्द्र कुमार, संजय कुमार, अनिल कुमार, संजीव कुमार, सोमवीर, रवींद्र कुमार, गौरव त्यागी, विनीत चौधरी, रोमा चौधरी, डॉ० पूनम विशिष्ट, अनिता अग्रवाल सतीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** ऑर्डनेंस फैक्ट्री इंटर कॉलेज, मुरादनगर में राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य शिवनंदन तिवारी जी द्वारा भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया ।इस अवसर पर सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली और देश की एकता, अखंडता तथा सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य महोदय ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि भारत की विविधता ही इसकी असली शक्ति है, हमें सदैव एकता और भाईचारे की भावना को जीवित रखना चाहिए ।कार्यक्रम में शिक्षकों एवं बच्चों के द्वारा विचार प्रस्तुत किए गए। अंत में सभी ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत का नारा लगाते हुए समारोह का समापन किया । इस कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सभी सम्मानित शिक्षिका एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में संकुल स्तर पर मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, आयुध निमार्णी, मुरादनगर में मिनी स्पोर्ट्स मीट (नोएडा क्लस्टर) का भव्य आयोजन किया गया। इस खेलकूद समारोह के अंतर्गत दौड़, स्किपिंग, योग, एथलेटिक्स आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं ।कार्यक्रम का शुभारंभ उप-प्राचार्य श्रीमती स्वीटी जैन द्वारा सभी आगंतुक अनुरक्षकों तथा खिलाड़ियों के हार्दिक स्वागत के साथ किया गया ।इस प्रतियोगिता में नोएडा क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले छह केन्द्रीय विद्यालयों के लगभग 169 खिलाड़ियों ने उत्साह एवं खेल भावना के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्री मनोज कुमार, प्राचार्य, केन्द्रीय विद्यालय मुरादनगर ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संबोधन दिया तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया ।प्रतियोगिताओं की योजना श्रीमती सुषमा अहलावत, श्रीमती सुधा रानी एवं श्री अनुराग गुप्ता द्वारा कुशलतापूर्वक तैयार की गई ।मंच संचालन का कार्य श्री विकास वालिया एवं सुश्री स्वाति कौशिक ने प्रभावशाली ढंग से संपन्न किया ।कार्यक्रम के अंत में सभी विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया तथा समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# श्री हंस इंटर कॉलेज में लौह पुरुष की जयंती मनाई

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई ।सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। तथा उनके जन्मदिन पर विद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का मंच संचालन कला अध्यापक व एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार ने किया। इस अवसर पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के तहत छात्र छात्राओं की दौड़ लगाई गई। तथा सभी छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विनोद कुमार ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन परिचय, व्यक्तित्व, कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व से अवगत कराया ।व बताया कि 31 अक्टूबर भारत में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को चिन्हित करने के लिए मनाया जाता है। जिसकी भारत के राजनीतिक एकीकरण में प्रमुख भूमिका थी। इस दिन का आरंभ भारत सरकार द्वारा सन 2014 में किया गया था। इस दिन विद्यालय में रन फॉर यूनिटी, शपथ ग्रहण समारोह आदि प्रोग्राम प्रस्तुत किए गए। इस दिन का उद्देश्य लोगों को देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के महत्व को याद दिलाना है इस साल यह दिवस एक भारत आत्मनिर्भर भारत, थीम पर मनाया जा रहा है। जो देश के सशक्त और आत्मनिर्भर बनने के संकल्प को दर्शाता है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापक गण व कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने प्रार्थियों को किया आश्वस्त,कहा शिकायतों का किया जाएगा शत-प्रतिशत निस्तारण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट ? कार्यालय में जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा प्रतिदिन की तरह जनसुनवाई की गयी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा की जा रही जनसुनवाई में प्रत्येक जनसुनवाई में प्रार्थियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। जन सुनवाई के दौरान नगर निगम, पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी ?प्रार्थियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना व समझा गया। उन्होने प्रार्थियों से जाना कि उनके द्वारा पूर्व में भी इस सम्बंध में कोई प्रार्थना पत्र दिया गया था अथवा नहीं। उन्होने सभी प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का पूर्ण गुणवत्ता के साथ समाधान कराया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आयी शिकायतों को शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं। उन्होने कहा कि स्थलीय निरीक्षण योग्य शिकायतों का स्थलीय ? निरीक्षण कर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं, इसके साथ ही ?सभी शिकायतों के निस्तारण उपरान्त शिकायतकर्ता से उसका फीडबैक लेना भी सुनिश्चित करें। जनता दर्शन के दौरान उपस्थित जन सामान्य की शिकायतों को एक -एक व्यक्तियों से सुन कर संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर, शासन के मंशा अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने तथा जमीन से संबंधित समस्या को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं जाने के निर्देश दिया गया। कोई भी शिकायत हो तो जनता दर्शन में स्वयं उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र उपलब्ध करा सकते है। अपनी शिकायत से पहले सम्बन्धित अधिकारी को अवश्य अवगत कराएं, जिससे शिकायत का निदान यथाशीघ्र हो सकें। जनसुनवाई के दौरान एडीएम एल/ए श्री विवेक मिश्र, एडीएम सिटी श्री विकास कश्यप, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय, आईएएस श्री अयान जैन (ट्रेनी) उपस्थित रहे।

# सरदार पटेल का जीवन हमें राष्ट्रहित में समर्पण का संदेश देता है: रविन्द्र माँदड़

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** भारत के लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित महालक्ष्मी सभागार में राष्ट्रीय अखण्डता दिवस का आयोजन भव्य रूप से किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ ने सरदार पटेल के राष्ट्रनिर्माण में योगदान को याद करते हुए उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों को देश की एकता, अखण्डता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री माँदड़ ने उपस्थित जनसमूह को शपथ दिलाई कि मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार बल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की 562 रियासतों का एकीकरण कर अखण्ड भारत की नींव रखी, यह कार्य अदम्य साहस, दूरदर्शिता और अद्भुत नेतृत्व क्षमता का प्रतीक था। उन्होंने कहा कि हमें उनके आदर्शों को अपनाते हुए देश की एकता, अखण्डता और समरसता को बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़, एडीएम (एल/ए) विवेक मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय, आईएएस अयान जैन (ट्रेनी) सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सरदार बल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

सभागार में 'सरदार पटेल अमर रहेंज्और 'एक भारत - श्रेष्ठ भारतज्के नारों से देशभक्ति का माहौल गूंज उठा। विकास भवन स्थित दुर्गावती सभागार में भी राष्ट्रीय अखण्डता दिवस का आयोजन किया गया।

# अवैध शराब का सफाया: आबकारी विभाग की सख्त कार्रवाई जारी




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ युद्ध जारी है। जिले में आबकारी विभाग की टीम ने लगातार अपनी सख्त कार्रवाई जारी रखते हुए हिंडन खादर क्षेत्र में माफिया की अवैध शराब भट्टी को ध्वस्त कर दिया।

यह अभियान न केवल अवैध शराब के कारोबार को रोकने बल्कि युवाओं और समाज को इसके दुष्प्रभाव से बचाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। एक दिन पहले की कार्रवाई के सफल अनुभव के बाद शुक्रवार को आबकारी विभाग की टीम ने फिर हिंडन खादर क्षेत्र में दबिश दी। इस दौरान टीम ने झाडियों के बीच छिपाकर रखी अवैध शराब और निमार्णाधीन भट्टियों का भंडाफोड़ किया। कार्रवाई के दौरान 1000 किलोग्राम लहन से भरे ड्रम और 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। लहन भरे ड्रमों को मौके पर ही नष्ट किया गया, जबकि अवैध कच्ची शराब को कब्जे में लेकर आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत एक मामला पंजीकृत किया गया। जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम ने बताया कि जिले में अवैध शराब के खिलाफ अभियान युद्ध स्तर पर जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल अवैध शराब को जब्त करना ही नहीं, बल्कि हिंडन खादर क्षेत्र और आसपास के गांवों को शराब माफिया से मुक्त करना भी है। अधिकारी ने कहा कि विभाग द्वारा बनाई गई टीम ने अपनी नेटवर्किंग और स्थानीय जागरुकता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया है ताकि अवैध शराब की हर गतिविधि पर निगरानी रखी जा सके।

# सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती मनाई

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती ॰राष्ट्रीय एकता दिवस॰ के रूप में सभी माध्यमिक विद्यालयों में जनपद गाजियाबाद में बहुत ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई जिसमें सभी विद्यालयों द्वारा शपथ ग्रहण समारोह, रंगोली प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता,पदयात्रा, १४ल्ल ाङ्म१ ४ल्ल३८ इत्यादि का आयोजन किया गया । जनपद के कुल 422 माध्यमिक विद्यालय में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज विजयनगर, राजकीय इंटर कॉलेज नंदग्राम, राजकीय इंटर कॉलेज त्योड़ी , राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कलछीना, राजकीय हाई स्कूल खुशियां, शंभू दयाल इंटर कॉलेज, सुशीला इंटर कॉलेज महर्षि दयानंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज गोविंदपुरी सर छोटू राम दुहाई नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज चंद्रपुरी लालचंद जनता इंटर कॉलेज साहिबाबाद इत्यादि विद्यालयों में कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम से मनाया गया।

# अब 30 नवम्बर 2025 तक संपत्ति कर जमा करने पर मिलेगी 20' की छूट

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनहित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए महापौर सुनीता दयाल ने संपत्ति करदाताओं को बड़ी राहत प्रदान की है। नगर निगम गाजियाबाद द्वारा संपत्ति कर में दी जा रही 20 प्रतिशत की छूट, जो पहले 31 अक्टूबर 2025 तक मान्य थी, अब उसे बढ़ाकर 30 नवम्बर 2025 तक कर दिया गया है। इस निर्णय से हजारों नागरिकों को लाभ मिलने की संभावना है।

नगर निगम प्रशासन के अनुसार सभी संपत्ति स्वामियों को अपने भवनों पर निर्धारित संपत्ति कर को निगम कोष में जमा कराना अनिवार्य है। निगम सदन के द्वारा पूर्व में यह प्रावधान किया गया था कि यदि करदाता निर्धारित अवधि के भीतर कर जमा करते हैं, तो उन्हें देय कर पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। महापौर द्वारा यह अवधि एक माह के लिए बढ़ाने से उन नागरिकों को बड़ी राहत मिली है, जो अब तक किसी कारणवश अपना कर जमा नहीं कर सके थे। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि नगर निगम सदैव नागरिकों की सुविधा और जनहित को सर्वोपरि रखता है। शहर के विकास कार्यों में नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है, और संपत्ति कर नगर निगम की आय का प्रमुख स्रोत है, जिससे सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सड़क निर्माण, जलापूर्ति और अन्य नागरिक सुविधाओं के कार्य संचालित होते हैं।

# लौहपुरूष की 150वीं जयंती पर जिलाधिकारी ने किए मरीजों को फल वितरित, अस्पताल का किया निरीक्षण







वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती पर जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा संयुक्त अस्पताल, संजय नगर में मरीजों को फल वि ?तरित किये गये। इस मौके पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा अस्पताल का औचक निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी महोदय ने सभी व्यवस्थाओं को जायजा लेते हुए, दवाईयों के वितरण सहित अन्य बिन्दूओं पर भी जानकारी प्राप्त की। उन्होने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके साथ आए उनके तिमारदारों से भी वार्ता की। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निरीक्षण के बाद अस्पताल में व्यवस्थाओं के प्रति नाराजगी व्यक्त की गयी।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर एकता के नारों से गूँजा शहर



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती पर शुक्रवार को शहर में भव्य पदयात्रा का आयोजन किया गया। एकता में शक्ति के संदेश के साथ निकली यह यात्रा मोहन नगर से शहीद स्थल तक निकाली गई, जिसमें हजारों नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और नगर निगम की टीम ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पदयात्रा की संपूर्ण व्यवस्था गाजियाबाद नगर निगम के जिम्मे थी, जिसने कार्यक्रम को सफल बनाने में दिन-रात मेहनत की। नगर आयुक्त के निर्देश पर निगम के सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मार्ग पर सक्रिय रहे। मोहन नगर स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल पार्क से लेकर शहीद स्थल तक पूरे मार्ग की विशेष सफाई की गई, साथ ही छिड़काव, पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ भी सुनिश्चित की गईं। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार और महाप्रबंधक जल विभाग कामाख्या प्रसाद आनंद द्वारा व्यक्तिगत रूप से व्यवस्था की निगरानी की गई।

# 41वीं वाहिनी पीएसी में रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन

**गाजियाबाद।** भारत के स्वतंत्रता सेनानी और पहले गृहमंत्री, लौह पुरुष स्वर्गीय सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को शहर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 41वीं वाहिनी पीएसी, वैशाली कमांडेंट आईपीएस अधिकारी दिनेश यादव और कौशांबी थाना अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्र के पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने किया। इस भव्य दौड़ में लगभग सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# उमड़ा जनसैलाब: सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर भव्य 'एकता यात्रा से गूंजा राष्ट्रभक्ति का स्वर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को एक अद्भुत दृश्य का साक्षी बना, जब पूरे शहर में भव्य 'एकता यात्राज या 'यूनिटी मार्चज राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ निकाली गई। इस ऐतिहासिक आयोजन का नेतृत्व भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने किया, जबकि कार्यक्रम का संयोजन और विशेष सहयोग माय भारत- युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया। यात्रा का शुभारंभ मोहन नगर स्थित सरदार पटेल वाटिका से हुआ, जहाँ मुख्य अतिथि पंकज सिंह (प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा उत्तर प्रदेश एवं विधायक, नोएडा), कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, शहर विधायक संजीव शर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद भारत माता की जय और वंदे मातरम्के नारों से गूंजते वातावरण में यात्रा का शुभारंभ हुआ। 'एकता यात्राज में भारत माता, सरदार वल्लभभाई पटेल, भगत सिंह और महात्मा गांधी की जीवंत झांकियों ने जनता का मन मोह लिया। हजारों की संख्या में नागरिक, युवा, महिलाएं, स्कूली बच्चे, सामाजिक संगठन, एनसीसी, एनडीआरएफ, स्काउट, सिविल डिफेंस दल और धार्मिक संस्थाएँ यात्रा का हिस्सा बनीं।राष्ट्रभक्ति के नारों से गूंज उठा।

